दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 312 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। सोमवार, 15 सितंबर 2025 । आश्विन, कृष्ण पक्ष नवमी संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत



## भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया

## एशिया कप : कप्तान सूर्यकुमार ने छक्का लगाकर जिताया, पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेसी)**। भारत ने एशिया कप के छठे मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। टीम ने 128 रन का टारगेट 16वें ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। पाकिस्तान ने दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और 9 विकेट खोकर 127 रन बनाए। मैच जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ हाथ नहीं मिलाया। इससे पहले टॉस के बाद भी कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। ग्रुप-ए के इस मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों ने पावरप्ले से ही दवाब बनाया और आखिरी तक पाकिस्तानी बैटर्स को उबरने का मौका नहीं दिया। साहिबजादा फरहान (40 रन) और शाहीन अफरीदी (33 रन) के अलावा कोई बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सका। कुलदीप यादव ने 3 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट हार्दिक पंड्या और वरुण चक्रवर्ती के खाते में आया। भारतीय टीम की ओर से ओपनर अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ने 31-31 रन की पारियां खेलीं। जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने नाबाद 47 रन बनाए। सूर्या-तिलक के बीच तीसरे विकेट के लिए 56 रनों की अहम साझेदारी हुई। पाकिस्तान से सईम अयूब ने तीनों विकेट लिए। इस जीत के साथ भारत पॉइंट्स टेबल में टॉप पर कायम है और टीम के सुपर-4 में पहुंचने के चांस भी बढ़ गए। वहीं पाकिस्तान को अगले राउंड में एंट्री करनी है तो UAE के खिलाफ आखिरी मैच जीतना ही होगा।



**सूर्या ने जड़ा विजयी छक्काः** बता दें कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपना बर्थ-डे बेहद स्पेशल मनाया और विजयी छक्का जमाया। सूर्या ने सुफियान मुकीम की गेंद पर मिडविकेट के ऊपर से छक्का जमाया। भारतीय कप्तान ने 37 गेंदों में पांच चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 47 रन बनाए। भारतीय टीम इस जीत के साथ ग्रुप-ए में शीर्ष पर बरकरार है।

**भारतीय सेना को समर्पित जीतः** भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान पर मिली जीत को सेना को समर्पित किया। सूर्या ने मैच के बाद कहा, 'हम पहलगाम हमले के पीड़ित परिवार वालों के साथ खड़े हैं और उनके साथ संवेदना व्यक्त करते हैं। हम आज की अपनी इस जीत के अपनी सेना को समर्पित करना चाहते हैं।'

## भारत-पाकिस्तान मैच का विरोध

### जयपुर में LED टीवी तोड़े:पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन किया; कांग्रेस नेता बोले- रेस्टोरेंट में मैच नहीं चलने देंगे



भारत और पाकिस्तान के बीच मैच से पहले राजस्थान में विरोध शुरू हो गया है। रविवार शाम जयपुर के अमर जवान ज्योति पर कांग्रेस प्रदेश खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमीन पठान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन कर LED टीवी फोड़कर विरोध जताया गया। इससे पहले अमीन पठान ने दिन में कहा था कि किसी भी सिनेमा हॉल या फिर रेस्टोरेंट ने भारत पाकिस्तान के बीच मैच का प्रसारण किया। हम वहां टीवी फोड़ देंगे। किसी भी सूरत पर मैच नहीं चलने देंगे।

## आमरण अनशन पर बैठे नरेश मीणा ने समर्थकों को पीटा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर**। जयपुर में शहीद स्मारक पर पिछले 3 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे नरेश मीणा रविवार को अपने समर्थकों पर ही नाराज हो गए। मीणा ने अपने समर्थकों को लात और चांटे मार दिए। इससे वहां मौजूद लोग भी सकते में आ गए। दरअसल, झालावाड़ हादसे के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए नरेश मीणा पिछले 3 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। रविवार को नरेश मीणा अकेले बैठे थे। उनके कुछ समर्थक एक पेड़ की छांव में जाकर बैठ गए। इस दौरान नरेश मीणा ने उनको बुलाया। जब समर्थक उनके पास नहीं पहुंचे तो नरेश मीणा गुस्से में उनके पास गए और उन्हें पीट दिया। इस विवाद पर नरेश मीणा ने अपना पक्ष रखते हुए कहा- मैं आमरण अनशन पर बैठा हूं, लेकिन मेरे समर्थक पेड़ की छांव में बैठे थे। मैंने अपने समर्थकों को बार-बार बुलाया, लेकिन वे नहीं उठे। इसके बाद मैंने कुछ को चांटे तो कुछ तो लात मारी। यही मेरा तरीका है, मैं इसी अंदाज में काम करता हूं। नरेश मीणा से थप्पड़ खाने वाले मुकेश ने अपना पक्ष रखते हुए कहा- आज मेरी गलती थी। मैं पेड़ की छांव में बैठा था। भविष्य में ऐसी गलती नहीं होगी। जो लोग इस थप्पड़ पर विवाद करना चाह रहे हैं। वह लोग बेवजह विवाद पैदा नहीं करें। अगर नरेश मीणा मेरी जान भी ले लेंगे, तो भी मुझे कोई दिक्कत नहीं होगी।

## जयपुर में रिंग रोड से गिरी कार, 7 की मौत

### अस्थि विसर्जन कर हरिद्वार से लौट रहे थे दो परिवार,16 फीट नीचे पानी में गिरी गाड़ी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर**। जयपुर में एक कार बेकाबू होकर रिंग रोड से नीचे गिर गई। हादसे में कार सवार दो परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। हादसा शिवदासपुरा थाना इलाके में प्रहलादपुरा के पास शनिवार देर रात हुआ। रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे अंडरपास में भरे पानी में क्षतिग्रस्त कार उलटी पड़ी दिखाई दी। लोगों ने कार देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला तो चौंक गई। कार में 7 लोगों के शव थे। पुलिस ने कार में फंसे शवों को निकाला। महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए।

**हरिद्वार में अस्थि विसर्जन कर लौट रहे थेः** SHO सुरेंद्र सैनी ने बताया- वाटिका सांगानेर निवासी रामराज वैष्णव (38), पत्नी मधु (36) और बेटे रुद्र (14 महीने) और फुलियाकलां (भीलवाड़ा) निवासी उनके रिश्तेदार अशोक वैष्णव उर्फ कालूराम (47), उनकी पत्नी सीमा देवी (45), बेटे रोहित (23) और पोते गजराज (3) की मौत हो गई। रामराज टैक्सी चलाते थे। उनके चार बेटी और हैं। कालूराम के पिता का निधन हो गया था। शुक्रवार को तीये की बैठक के बाद दोनों परिवार के सात लोग अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार गए थे। वे अस्थि विसर्जन कर देर रात कार से जयपुर लौट रहे थे। शिवदासपुरा इलाके में प्रहलादपुरा के पास रिंग रोड पर ओवर स्पीड कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई। इसके बाद रिंग रोड से 16 फीट नीचे अंडरपास में भरे पानी में गिर गई। पुलिस ने बताया कि रिंग रोड पर डिवाइडर के बीच करीब 20 फीट खाली जगह है। इसके बीच में से कार नीचे पानी में गिरी थी।

### स्पीड में कार डिवाइडर से टकराकर गिरी

पुलिस की प्रथम दृष्टया जांच में आया है कि हादसे के समय कार स्पीड में थी। झपकी आने से डिवाइडर के बीच में बने पासिंग से टकराकर कार नीचे अंडरपास में गिर गई। रात का समय होने के कारण इस बारे में पता नहीं चल सका।

### डिवाइडर के बीच खाली जगह में गिरी कार

पुलिस ने बताया कि रिंग रोड पर डिवाइडर के बीच करीब 20 फीट खाली जगह है। इसके बीच में से कार नीचे पानी में गिरी थी। दोपहर करीब 12:30 बजे एक राहगीर वहां से निकला, जिसने कार को पानी में देखा। पानी में होकर कार के पास





पहुंचने पर लाशें दिखाई दीं। इसके बाद शिवदासपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत कर सभी शवों को कार से बाहर निकाल। रामराज और अशोक दोनों के शव डैशबोर्ड के नीचे फंसे थे।



## कोटपूतली-बहरोड़ की खुशबू सैनी को 12वीं कक्षा हिंदी में 100प्रतिशत अंक लाने पर राजस्थान सरकार का सम्मान

**बढ़ता राजस्थान, पावटा।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के भांकरी गांव की निवासी खुशबू सैनी ने राजस्थान बोर्ड की 12वीं कक्षा की हिंदी परीक्षा में 100त्न अंक प्राप्त कर अपने जिले और स्कूल का नाम रोशन किया। जयपुर में आयोजित एक विशेष समारोह में राजस्थान सरकार ने खुशबू को उनकी इस शानदार उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। खुशबू, जो श्री श्याम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा और सीताराम सैनी की बेटी हैं, ने मेहनत, लगन और समर्पण के बल पर यह उपलब्धि हासिल की।



**उपलब्धि का महत्व :** 12वीं कक्षा में किसी विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करना एक बड़ी सफलता है, विशेषकर हिंदी जैसे विषय में, जिसमें व्याकरण और साहित्य की गहन समझ आवश्यक होती है। खुशबू की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, स्कूल और गांव के लिए गर्व का कारण है, बल्कि यह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। राजस्थान सरकार ने जयपुर में आयोजित समारोह में उन्हें सम्मानित कर उनकी मेहनत की सराहना की। इस प्रकार के सम्मान शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन को पहचानने और युवा छात्रों को प्रोत्साहित करने का संदेश देते हैं।

## विधायक कुलदीप धनकड़ की भांकरी में जन सुनवाईः ग्रामीणों की समस्याओं का किया समाधान



**बढ़ता राजस्थान, पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** विराटनगर के विधायक कुलदीप धनकड़ ने रविवार को अपने निवास भांकरी में विधानसभा क्षेत्र के लोगों की जन सुनवाई आयोजित की। इस अवसर पर ग्रामीणों ने बिजली, पानी और सफाई व्यवस्था से जुड़ी अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए विदुत एवं जलदाय विभाग के अधिकारियों को दूरभाष से अवगत कराते हुए तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने विधायक का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। कुलदीप धनकड़ ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वे हमेशा तत्पर हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि उठाई गई शिकायतों का जल्द समाधान किया जाएगा। ग्रामीणों ने विधायक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें बड़ी राहत मिलेगी और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान संभव होगा।

## वार्ड नंबर 1 बागडाला में सडक़ें खस्ताहाल बिजली की समस्या और गौवंश का आतंक

**बढ़ता राजस्थान, पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा के वार्ड नंबर 1 बागडाला में सडक़ें खस्ताहाल हो चुकी हैं, बिजली की समस्या बनी हुई है और निराश्रित गौवंश का आतंक बढ़ता जा रहा है। स्थानीय निवासी राजेंद्र प्रसाद सैनी ने बताया कि सडक़ें जगह-जगह से उखड़ गई हैं और बरसात के पानी के जमा होने से किचड़ फैल रहा है, जिससे मच्छर पनप रहे हैं और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। वार्ड की विदुत पोलों पर लगी लाइटें काफी समय से खराब पड़ी हैं और पालिका प्रशासन उनकी सुध नहीं ले रहा है। प्रागपुरा नरसिंह मंदिर से बागडाला और धालेड़ा की ओर जाने वाले मुख्य रास्तों के दोनों ओर घास-फूंस उग गई है, जिससे पैदल चलने वाले राहगीरों को खतरा बना रहता है। कई विदुत पोल सडक़ की ओर झुके हुए हैं और कभी भी गिरने की आशंका बनी रहती है। राजेंद्र प्रसाद सैनी ने नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा प्रशासन से वार्ड की सडक़ें सुगम बनाने, विदुत पोल लाइटें ठीक करने और निराश्रित गौवंश को नजदीकी गौशालाओं में भेजने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता, तो वार्डवासी मजबूरन धरना-प्रदर्शन पर उतर सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगरपालिका के लिए यह उनकी जिम्मेदारी है कि वार्डों की समस्याओं का समय पर समाधान करे। सडक़ निर्माण, विदुत व्यवस्था सुधार और गौवंश की समस्या का समाधान किए बिना वार्डवासियों को राहत नहीं मिल पाएगी और उनका दैनिक जीवन प्रभावित रहेगा।



### शाहपुरा से रणवीर सेवा समिति की पहल

## नशा मुक्ति जन जागरूकता पदयात्रा 16 को सिविल लाइन जयपुर से होगी रवाना




**बढ़ता राजस्थान,जयपुर।** नशा मुक्ति जन जागरूकता पदयात्रा 16 सितंबर को सिविल लाइन से रवाना होगी। इस पदयात्रा को कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत और सिविल लाइन भाजपा विधायक गोपाल शर्मा रवाना करेंगे। रणवीर सेवा समिति के अध्यक्ष विजय चौहान ने बताया कि यह पदयात्रा जयपुर शहर से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई जयपुर ग्रामीण में प्रवेश करेगी और जयपुर ग्रामीण के विभिन्न राजकीय व निजी विद्यालय और महाविद्यालय में नशा मुक्ति को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा। वही समिति अध्यक्ष विजय चौहान ने बताया कि इस पदयात्रा का समापन शाहपुरा के श्री कल्याण सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में होगा। इस नशा मुक्ति कार्यक्रम को लेकर विद्यालय के विद्यार्थियों और आमजन को जागरूक किया जाएगा। विजय चौहान ने बताया कि पदयात्रा जयपुर ग्रामीण पहुंचने पर काफी संख्या में लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में रथ के माध्यम से जागरूक करते हुए पदयात्रा निकालेंगे। इस पदयात्रा को लेकर रणवीर सेवा समिति की ओर से विभिन्न तैयारी पूरी कर ली गई है।

### दो दिवसीय राज्य स्तरीय अनवरत चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

# सेवा पखवाड़ा में अधिक से अधिक रक्तदान का आव्हान : फाटक

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** ब्लड बैंक सोसायटी राजस्थान एवं सरल ब्लड सेंटर उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय अनवरत चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन राज्य के विभिन्न ब्लड बैंक्स के चिकित्सा अधिकारियों की सहभागिता में सुबह 11 बजे से दो तकनीकी सत्र के साथ अंत में ट्रांसफ्यूजन में डिजिटाइजेशन तकनीकी की उपयोगिता पर गहन चर्चा के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि स्टेट ड्रग लाइसेंसिंग अथॉरिटी अजय फाटक ने राज्य के नागरिकों से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के मध्य सेवा पखवाड़ा में अधिकाधिक रक्तदान का आव्हान किया।

दिनभर में हुए पाँच तकनिकी सत्रों में ब्लड ट्रांसफ्यूजन में बढ़ती सुरक्षा पर जयपुर के डॉ सुमित कुमार, लियूकोफ़ेरेसिस पर उदयपुर की डॉ प्रांशु शर्मा, गर्भावस्था के दौरान रक्तदान पर कोटा से डॉ पी एस झा एव ब्लड ट्रांसफ्यूजन के प्रोटोकॉल पर जयपुर से डॉ मुस्कान चौधरी के गहन व्याख्यान हुए।



सत्र के अंत में पेनलिस्ट, शहर के प्रख्यात ऑंकोलॉजिस्ट डॉ सचिन जैन, फिजिशियन डॉ कल्पेश चौधरी एव डॉ धर्मेन्द्र गर्ग की उपस्थिति में ब्लड ट्रांसफ्यूजन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चाएं हुई। कॉम्पोनेंट्स में क्रायो प्रेसिपिटेट की बढ़ती उपयोगिता से प्लाज्मा एव क्रायो प्रेसिपिटेट से दो अलग-अलग रोगी लाभान्वित हों सकते है। डॉ सचिन जैन और डॉ कल्पेश चौधरी ने इस बाबत शहर के चिकित्सकों के मध्य जागरूकता फैलाने के लिए अपना योगदान देने का आश्वासन दिया। इस दौरान डॉ कल्पेश चौधरी ने सरल ब्लड सेंटर द्वारा चलाए गए रिप्लेसमेंट फ्री रक्त उपलब्ध के मिशन को अत्यंत सराहनीय बताते हुए सबके लिए प्रेरणा का विषय बताया। पैनल चर्चा का सफल संचालन जयपुर से डॉ हिमांशु शर्मा द्वारा किया गया जिसमे डॉ वी पी गुप्ता और डॉ पी एस झा का मार्गदर्शन रहा।

समापन अवसर पर उपस्थित सभी वक्ताओं ने रक्तदान पर जोर देते हुए कहा कि रक्तदान अमूल्य है और इसके प्रति जन जागरूकता फैलाने जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं भी रक्तदान कर सकती है और करती भी है। लेकिन आमतौर पर देखा जाता है कि उनमें हीमोग्लोबिन की कमी होती है। इस कारण से कई बार वह चाह कर भी रक्त दान कर नहीं पाती है। सरल ब्लड सेंटर के मानद सचिव सीए (डॉ.) श्याम एस सिंघवी ने बताया कि इस दो दिवसीय संगोष्ठी के दौरान जो सकारात्मक रिस्पांस और सहभागिता ड्रग्स विभाग के अधिकारियों की, उदयपुर के आसपास के ब्लड बैंक्स की, सरल ब्लड सेंटर से जुड़े सदस्यों से मिली उसके लिए सोसाइटी आभारी है।ब्लड बैंक्स सोसाइटी राजस्थान ने इस आयोजन का जो अवसर सरल सोसाइटी को दिया इसके लिए डॉ वी पी गुप्ता और आनंद अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया।

सोसाइटी के सह सचिव संयम सिंघवी ने कहा कि संस्था के चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेश डांगी और पूरी टीम के अतुलनीय सहयोग से यह द्वि-दिवसीय संगोष्ठी सफल ही नहीं बल्कि सफलतम रही है, साथ ही उन्होंने कहा की आयोजन का उद्देश्य यही है कि हम जहाँ-जहाँ जाएं और वहां पर आम जन में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। हम सभी को मिलकर स्वैच्छिक रक्तदान और सुरक्षित रक्त को बढ़ावा देने के क्षेत्र में कार्य करना है।

उन्होंने ब्लड को कैसे सुरक्षित एवं सुरक्षित रखा जा सकता है इसके लिए उन्होंने छोटी-छोटी जानकारी के माध्यम से विस्तार से ब्लड सेंटर्स को जानकारियां बताई।

## करौली में नाथ योगी समाज ने मुख्यमंत्री से की छात्रावास स्थापना की मांग

**बढ़ता राजस्थान, हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** करौली में जिला अध्यक्ष राजेंद्र योगी के नेतृत्व में राजस्थान नाथ समाज का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से भेंट करने पहुँचा। इस अवसर पर समाज की ओर से मुख्यमंत्री को विशेष स्मृति चिन्ह भेंट किया गया और करौली जिले में नाथ योगी समाज के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास स्थापना की मांग का ज्ञापन सौंपा गया। भेंट के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदान राठौर भी उपस्थित थे, जिन्होंने समाज के पक्ष में समर्थन व्यक्त किया और उनकी मांगों को गंभीरता से सुनने का आश्वासन दिया। समाज के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर योगी सहित प्रदेश भर से सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद थे। समाज के मीडिया प्रभारी सुरेश चंद योगी ने बताया कि नाथ योगी समाज ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज़ादी के बाद तक राष्ट्र और समाज की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और शिक्षा, सामाजिक उत्थान तथा संस्कृति संरक्षण को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि समाज शैक्षिक और आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा है और जिले के दूरस्थ इलाकों से आने वाले विद्यार्थी आवासीय सुविधा के अभाव में पढ़ाई छोडऩे को मजबूर हैं।

### जिला कलक्टर ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

## आकस्मिक निरीक्षण करतीं तो खुद भी खामियों से रूबरू होतीं

बढ़ता राजस्थान

सिरोही (नि.स.)। जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने रविवार को जिला अस्पताल का जायजा लिया। पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में खामियों को लेकर लगातार शिकायतें आ रही है, इसके मद्देनजर जिला कलक्टर ने दौरा किया। यह दीगर बात रही कि आकस्मिक निरीक्षण के बजाय वे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अस्पताल पहुंचीं। इसके लिए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी समेत अन्यों को भी पूर्व में ही सूचना दे दी गई थी। माना जा रहा है कि आकस्मिक रूप से अस्पताल का जायजा लेतीं तो वे खुद भी खामियों से रूबरू हो सकती थीं। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेशराय सापेला, एसडीएम हरिसिंह देवल, पीएमओ डॉ. वीरेंद्र महात्मा, पीडब्ल्यूडी एक्सइएन दामोदर देवासी आदि मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने यहां मोर्चरी के बाहर फैले कीचड़, जनाना वार्ड, नवनिर्मित वार्ड समेत अन्य वार्डों का सघन निरीक्षण किया। जनाना परिसरें स्थित मोर्चरी भवन एवं अन्य स्थानों पर जलभराव की समस्या एवं नवनिर्मित एमएनसीयू वार्ड में व्यवस्थाओं को लेकर निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निस्तारण को लेकर अधिकारियों, कार्मिकों व ठेकेदारों की बैठक 17 सितम्बर को रखे जाने के भी निर्देश दिए।



**संयुक्त कार्य से स्थाई समाधान करें**

उन्होंने अस्पताल परिसर में जलभराव की समस्या के संबंध में तत्काल कार्रवाई करते हुए वाटर पंप से निकासी के लिए संचालित कार्य भी देखा। वहीं, मोर्चरी के मार्ग में मिट्टी डालकर बनाए गए कच्चे रास्ते का अवलोकन किया। जलभराव की समस्या के लिए पीडब्ल्यूडी व नगर परिषद को संयुक्त रूप से निकासी के संबंध में स्थाई समाधान किए जाने के निर्देश दिए।

**क्षतिग्रस्त लाइन ठीक करने के निर्देश**

जिला कलक्टर ने मदर मिल्क बैंक एवं नवनिर्मित एमएनसीयू वार्ड के गैलेरी को पूर्ण करने, मलबे से क्षतिग्रस्त हुई ड्रेनेज पाइप लाइन को ठीक करवाने के लिए एनएचएम (उदयपुर) को अवगत कराने के निर्देश दिए।

## एमएसएमई एंटरप्रेन्योर अवार्ड से सम्मानित हुए मुकेश माधवानी, बोले-यह पूरी बीसीआई टीम का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** उदयपुर के जाने-माने उद्योगपति और बिजनेस सर्किल इंडिया (बीसीआई) के संस्थापक मुकेश माधवानी को हाल ही में आयोजित उज्ज्वल राजस्थान 2.0 के समापन समारोह में एमएसएमई एंटरप्रेन्योर अवार्ड से नवाजा गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें उदयपुर के माननीय सांसद मन्नालाल जी रावत के हाथों प्रदान किया गया। यह पुरस्कार मुकेश माधवानी को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और उद्यमशीलता के लिए दिया गया है, जो न सिर्फ उदयपुर बल्कि पूरे राजस्थान के औद्योगिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुकेश माधवानी ने खुशी और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके और उनकी संस्था, बिजनेस सर्किल इंडिया (बीसीआई) के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है।

## राजीविका से मिली आजीविका देहात से दुनिया में कमाया नाम

### आत्मनिर्भता की मिसाल बनीं महिलाओं से संवाद

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) एवं रूमादेवी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को यहां महिला सशक्तीकरण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें राजीविका की ब्रांड एम्बेसडर डॉ. रूमादेवी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने एवं संगठित रहते हुए आगे बढऩे का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं स्वयं सहायता समूह बनाकर व आधुनिक तकनीक एवं परस्पर सहयोग से छोटे से छोटे गांव में भी बड़े उद्योग स्थापित करने की क्षमता रखतीं हैं। संवाद कार्यक्रम में महिलाएं उनसे मिलकर खुश नजर आईं। कार्यक्रम में 700 से अधिक महिलाओं ने रोजगार, उद्यमिता और सामाजिक जागरूकता से जुड़े मुद्दों पर खुलकर चर्चा की।



**चुनौतियों का सामना कर आत्मनिर्भर बनें-देवासी**

कार्यक्रम में ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि महिलाओं को रूमादेवी से प्रेरणा लेकर आगे बढऩा चाहिए। कहा कि सिरोही जिले के लघु कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार राजीविका के माध्यम से अवसर उपलब्ध करवा रही है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले की महिलाओं को संगठित कर उनको उद्यमशीलता के प्रति प्रोत्साहित करना है। साथ ही चुनौतियों पर चर्चा कर आत्मनिर्भरता की दिशा में नए अवसरों से उनको जोडऩा भी है।

**महिलाओं ने खुलकर समस्याएं रखीं**

इस दौरान जिला परियोजना प्रबंधक (राजीविका) अम्बिका राणावत ने बताया कि संवाद कार्यक्रम में महिलाओं ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं व सवाल पूछे। महिलाओं से बातचीत के दौरान जिले से कई प्रेरणादायी उदाहरण भी सामने आए, जिनके जीवन में राजीविका से जुडऩे के बाद सकारात्मक बदलाव आए। जिला परिषद सीईओ प्रकाशचंद्र अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**प्रेरणादायी उदाहरण**

- पति की मृत्यु के बाद रमीला ने हिम्मत से काम लिया। वे अपने पैरों पर खड़ी हुईं और इनकी बनाई साडिय़ां खूब पसंद की जा रही है।
- इसी तरह से हेमलता भी महिलाओं के लिए प्रेरणादायी बनी हुईं हैं। उन्हें हाल ही में दिल्ली में लखपति दीदी के रूप में सम्मानित किया गया है।

## साहवा में 69वीं जिला स्तरीय 19 वर्ष छात्र वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** कस्बे के सुभाष चंद्र बोस उमावि में 69वीं जिला स्तरीय 19 वर्ष छात्र वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मैच केपीएस रतनगढ़ और चंदगीराम बैरासर छोटा के बीच खेला गया, जिसमें केपीएस रतनगढ़ टीम 49-31 के अंतर से विजेता रही।चार दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष करमचंद नैण की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में हुआ। मुख्य अतिथि राजकीय मोहनी देवी चाचान कॉलेज प्राचार्य नरेश भारी और मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नानूराम कुल्हाड़, रामकुमार सिहाग, पर्यवेक्षक केदारमल आसेरी, शारीरिक शिक्षक यदुवीर सिंह और सह-पर्यवेक्षक ओमप्रकाश सिहाग उपस्थित रहे।



आयोजक सुभाष चंद्र बोस शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. रणधीर सिंह ढाका और स्टाफ ने अतिथियों का साफा, माला और शॉल पहनाकर स्वागत किया तथा प्रतीक चिह्न भेंट किए। सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। पालिका अध्यक्ष करमचंद नैण सहित अतिथियों ने प्रतियोगिता का झंडारोहण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने राजस्थानी गायन प्रस्तुत किया और नन्हें बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से तालियों की गडग़ड़ाहट बनाई। प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक केदारमल आसेरी ने बताया कि जिलेभर की 48 टीमों ने इस प्रतियोगिता में पंजीकरण कराया है। संस्था सह-निर्देशक गुरुदत्त सिंह ढाका ने स्वागत भाषण में अतिथियों, खिलाडिय़ों, टीम कोचों और निर्णायक मंडल का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वासुदेव नाई, हंसराज भांभू, अशोक सोनी, सुरेंद्र अग्रवाल, विनोद शर्मा, विद्याधर स्वामी, महेंद्र प्रजापत, रोहिताश वाल्मीकि, कमल शर्मा, शीतल सरावगी, रोहिताश सैनी, रूपराम गोदारा, कृष्णलाल बोहरा, हनुमान पारीक, अमरसिंह सैनी, महावीर भांभू, गोवर्धन पारीक, रामस्वरूप मायल, लक्ष्मीनारायण उपाध्याय, शौकीन खान कुम्हार, विकास पारीक, नवल दुदानी, रणसिंह महला, सुरेंद्र श्योराण, राजेंद्र लिखाला, महेंद्र गोदारा, महेंद्र भूकर, दयाराम कसवां सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, विद्यालय स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे। मंच संचालन अध्यापक मांगीलाल पारीक ने किया।

## अग्रसेन महाराज की 5149वीं जयंती पर श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन, 91 यूनिट रक्त संग्रहित

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** अग्रसेन महाराज की 5149वीं जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में अग्रवाल समाज और अग्रवाल युवा संगठन द्वारा स्वर्गीय रमेश चंद्र गुप्ता और स्वर्गीय पुष्पा अग्रवाल की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में जयपुर से जयपुरिया हॉस्पिटल और हिंडौन से सुमन ब्लड बैंक की टीम ने रक्तदाताओं के रक्त का संग्रहण किया। इस अवसर पर कुल 91 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र गुप्ता, व्यापार महासंघ अध्यक्ष अजय मित्तल, अग्रसेन कन्या महाविद्यालय अध्यक्ष रामदयाल पटवारी, और अग्रवाल समाज अध्यक्ष सत्येंद्र आर्य खरेटा ने दीप प्रज्वलित कर किया।



शिविर संयोजक रविकांत मित्तल और सह संयोजक रजनीकांत मित्तल ने बताया कि युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढक़र रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ती पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल युवा संगठन के पदाधिकारी शिविर संचालन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए उपस्थित रहे।

## 69वी जिला स्तरीय खेलकूद हाकी प्रतियोगिता का रींगस में हुआ आयोजन



**बढ़ता राजस्थान, रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** 69वी जिला स्तरीय माध्यमिक उच्च माध्यमिक विद्यालयी 17 व 19 वर्षीय आयु वर्ग छात्रा हाकी प्रतियोगिता 2025-26 का उद्?घाटन समारोह पी. एम. श्री राउमावि रींगस में हुआ, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में वैद्य शम्भु दयाल ने उद्?घाटन की घोषणा की तथा प्रधानाचार्य शान्ति चौधरी ने बताया की प्रतियोगिता के उद्?घाटन समारोह में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में गुरुकृपा कैरियर इन्स?टिश्यूट के संरक्षक रामकुमार कुल्हरी ने शिरकत की तथा प्रधानाचार्या ने इस अवसर के खेल भावना से खेलने तथा जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। जानकारी के अनुसार टूर्नामेंट में कुल 19 टीमें भाग ले रही है, 14 टीमें 17 वर्ष छात्रा व 5 टीमें 19 वर्षीय छात्राओ की है। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक राहुल चौधरी ने बताया की प्रतियोगिता का उद्?घाटन मैच प्रिंस सैनिक स्कूल सीकर व वैदान्ता गुरुकल स्कूल रीगंस के मध्य हुआ। इस अवसर पर सेवानिवृत व. शा.शि. गणेशराम यादव, स्ठरूष्ट सदस्य मूलचन्द जांगीड़ , श्याम सुन्दर कुमावत और कई गणमान्य उपस्थित हुए संचालन विजेन्द्र ऐचरा व्याख्याता ने किया।

## एक शाम गौ माता के नाम पोस्टर का हुआ विमोचन




**बढ़ता राजस्थान, चौमूं ( दिनेश कुमार कुमावत)।** ग्राम मलिकपुर तोरण में आगामी 27 सितम्बर 2025 शनिवार को साय 6 बजे से श्री लक्ष्मीनाथ जी महाराज प्रागंण मलिकपुर तोरण में श्री लक्ष्मीनाथ गौ शाला सेवा समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के तत्वाधान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम एक शाम गौ माता के नाम के पोस्टर का विमोचन लक्ष्मीनाथ जी महाराज मन्दिर के पुजारी बनवारी लाल दाधीच के हाथों करवाया गया । पोस्टर विमोचन के बाद श्री लक्ष्मीनाथ जी मन्दिर में कार्यकम का निमंत्रण देकर कार्यकम को सफल बनाने की प्रार्थना की गई। इस दौरान लक्ष्मीनाथ गौ शाला सेवा समिति के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, सभी सदस्य ,गांव के वरिष्ट जन एवं समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।एक शाम गौ माता के नाम कार्यक्रम में संत प्रकाश दास महाराज के द्वारा मधुर भजनों का आयोजन होगा।

## कल्याणपुरा,खुर्द में मिट्टी जांच कार्यशाला का आयोजन



**बढ़ता राजस्थान, कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** किसानों को वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने और मिट्टी की सेहत सुधारने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से, कोटपुतली नेचुरल्स फ़ार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने रविवार को ग्राम कल्याणपुरा, खुर्द में एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया।कार्यशाला में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को मिट्टी की जाँच के महत्व, संतुलित उर्वरक के उपयोग और फसल की पैदावार बढ़ाने के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया। इस दौरान किसानों को न केवल नि:शुल्क मिट्टी जाँच की सुविधा दी गई, बल्कि उनकी मिट्टी की सेहत के अनुसार 'मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड' भी वितरित किए गए।सॉयल हेल्थ टेस्टिंग एक्सपर्ट महेंद्र कुमार सैनी ने 20 किसानों के खेतों से मिट्टी के सैंपल लिए और मौके पर उनकी जाँच की। उन्होंने किसानों को बताया कि मिट्टी में पोषक तत्वों का संतुलन बनाए रखने से उत्पादन तो बढ़ेगा ही, साथ में खेती की लागत भी कम होगी।युवा जागृति संस्थान के सचिव डॉ. गोकुल सैनी ने बताया कि यह कार्यक्रम कोटपूतली ब्लॉक में कृषक उत्पादक संघ के गठन का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कृषक उत्पादक संघ के सीईओ ज्ञानचंद सैनी के नेतृत्व में ऐसे जागरूकता सत्रों का आयोजन लगातार किया जाएगा।इस पहल से खुश होकर किसानों ने बताया कि मिट्टी की जाँच से उन्हें सही मार्गदर्शन मिल रहा है, जिससे फसल की पैदावार में बढ़ोतरी होगी और उर्वरकों पर होने वाले अनावश्यक खर्च से भी बचत होगी।

## हिमांशु सैनी ने स्केटिंग में जीता स्वर्ण पदक

**बढ़ता राजस्थान, कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** प्रभात न्यू सनराइज़ पब्लिक स्कूल के छात्र हिमांशु सैनी ने स्केटिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है।पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,विराटनगर में आयोजित जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में, हिमांशु ने 500 मीटर रेस में स्वर्ण पदक जीता।इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने हिस्सा लिया था, जहाँ हिमांशु ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से अपनी प्रतिभा साबित की। उनकी इस सफलता से उनके परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है।विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने हिमांशु को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## भूपेंद्र सिंह चौधरी बने राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष



**बढ़ता राजस्थान, जयपुर, (का.स.)।** महाराजा सूरजमल संगठन (भारत) की मुख्यधारा में भूपेंद्र सिंह चौधरी को राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन ने उनके सेवा भाव और समाज हित में किए गए कार्यों को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को संगठन की ओर से शुभकामनाएं दी गईं। संगठन ने आशा व्यक्त की है कि उनकी नेतृत्व क्षमता से संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा प्रदेश कार्यकारिणी सशक्त बनेगी। चौधरी की नियुक्ति से समाज में समरसता और भाईचारे की भावना प्रबल होगी और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के साथ-साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण के निर्माण में नई ऊर्जा आएगी।

# तरक्की का रास्ता शिक्षा से होकर जाता है : हकीम अब्दुल हमीद

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कॉन्फ्रेंस का राज्य स्तरीय सम्मेलन 14.9.25 को होटल रायल राजपुताना पैलेस रामगढ मोड, जयपुर में हकीम अब्दुल हमीद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर डॉ. शौकत अली अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कॉन्फ्रेंस राजस्थान के महासचिव डॉ. मोहम्मद अकमल ने किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अताउर रहमान खान, प्रो. शोएब आज़मी साहब, प्रो. अब्दुल शकूर साहब, डॉ. मकबूल अहमद साहब, डॉ. फरहत चौधरी साहब, डॉ. ए.आर. सैफी साहब रहे। डॉ. सरफराज़ अहमद एसोसिएट प्रोफेसर ने हकीम अब्दुल हमीद साहब की जीवनी पर विस्तार से रोशनी डाली उन्होंने बताया हकीम अब्दुल हमीद प्रसिद्ध यूनानी चिकित्सक, समाज सेवी, दानवीर, अविष्कारक, सच्चे राष्ट्र भक्त थे हकीम अब्दुल हमीद का जन्म दिल्ली में 14 सितंबर 1908 में हुआ था वह 20 वीं सदी के प्रसिद्ध यूनानी चिकित्सक थे जिनहोने हमदर्द लेबोरेटरीज की नीव रखी इसके अलावा जामिया हमदर्द सहित कई शैक्षणिक संस्थानों की नींव रखी।डॉक्टर सरफराज ने बताया कि हकीम अब्दुल हमीद को भारत सरकार द्वारा पदम श्री और पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। वे जामिया हमदर्द और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) अलीगढ़ के कुलाधिपति भी थे।

डॉ. अकमल ने अखिल भारतीय यूनानी तिब्बी सम्मेलन के मानदंडों, नियमों और विनियमों को प्रस्तुत किया। डॉ. शौकत अली ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि अखिल भारतीय यूनानी तिब्बी कॉन्फ्रेंस ने यूनानी चिकित्सा पद्धति के प्रत्येक क्षेत्र में सेवा प्रदान करने के लिए तत्पर है, चाहे वह अनुसंधान और विकास, प्रशिक्षण, शिक्षा, यूनानी चिकित्सकों, छात्रों का पुनर्विन्यास, यूनानी चिकित्सकों और चिकित्सा अधिकारियों से संबंधित मुद्दे हों।

डॉ. फरहत चौधरी ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय यूनानी तिब्बी सम्मेलन यूनानी चिकित्सकों की समस्याओं के समाधान के लिए काम कर रहा है। डॉ. मकबूल अहमद ने उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, राजस्थान सरकार के समक्ष एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, जिसमें मांग की गई है कि यूनानी निदेशक की नियुक्ति यूनानी चिकित्सा अधिकारियों में से वरिष्ठता के आधार पर की जाए।उन्होंने बताया कि आगामी रविवार, 28 सितंबर को जयपुर में आल इंडिया यूनानी तिब्बी कॉन्फ्रेंस का राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जाएगा। डॉक्टर फिरोज खान एसोसिएट प्रोफेसर को फार्मास्युटिकल डेवलपमेंट गुरूप का चेयरमैन बनाया गया एवं डॉक्टर शाहिद खान को कनवीनर बनाया गया। समारोह में डॉक्टर निसार अहमद खान, टेक्निकल विंग के प्रेसिडेंट डॉक्टर अययुब अहमद, टेक्निकल विंग के जनरल सेक्रेटअरी डॉक्टर मोहम्मद दानिश खान, डॉक्टर शाहिद खिन,डॉक्टर दयार नूरानी, डॉक्टर हारून रशीद, डॉक्टर अबरार अली, डॉक्टर मकबूल अहमद, डॉक्टर एम एस खान, डॉक्टर सलीम अहमद, डॉक्टर जईम अहमद, डॉक्टर मेहताब चौधरी अब्दुल रऊफ सैफी, डॉक्टर रौशन, डॉक्टर खालिद, जफीरउलहसन, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर फिरोज़ अहमद वाइस प्रेसिडेंट डॉ सिराजुल हक, खंजाची डॉक्टर यासिर, डॉक्टर फैजान इत्यादि मौजूद रहे।

## संसदीय कार्य मंत्री और जिला कलक्टर ने सांगरिया में ड्रेनेज का किया निरीक्षण

# सीवरेज के पानी की त्वरित निकासी सुनिश्चित की जाएगी : पटेल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और जोधपुर जिला कलक्टर श्री गौरव अग्रवाल ने रविवार को ग्राम पंचायत सांगरिया में सालावास मुख्य ड्रेनेज के क्षतिग्रस्त होने के कारण गांव में सीवरेज के गंदे पानी की निकासी के लिए के ड्रेनेज का जायजा लिया। पटेल ने कहा सीवरेज के पानी की त्वरित निकास सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा अस्थाई एवं त्वरित समाधान के लिए हेलीपेड सर्किल से कुड़ी नाले में पाइप लाइन के माध्यम से आवश्यक संसाधन लगाकर गंदे पानी की शीघ्र निकासी कर आमजन को राहत प्रदान करें। उन्होंने सांगरिया की भावी आवश्यकता को ध्यान में रखकर हेलीपेड सर्किल से चामुंडा मंदिर होते हुए सिंघवी टेंट हाउस तक 2.5 किलोमीटर की 1200 एमएम की नवीन सीवरेज लाइन के लिए डीपीआर बनाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा सांगरिया में वर्तमान सीवरेज लाइन जिग़जैग आकर और कम क्षमता की है, जिससे बारिश में ओवरफ्लो से कॉलोनियों में गंदा पानी फैल जाता है। इस विषय को ध्यान में रखकर निगम के अधिकारी नवीन ड्रैनेज के लिए प्लान तैयार करें। संसदीय कार्य मंत्री ने नगर निगम आयुक्त श्री सिद्धार्थ पालानीचामी के साथ वैकल्पिक निकास के लिए हेलीपेड सर्किल एवं अन्य पॉइंट्स का मौका देखकर भावी कार्य योजना बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत सांगरिया के सभागार में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं सुनी और अधिकारियों को त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

## 30 वर्षों से श्मशान भूमि का चल रहे विवाद को पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के प्रयासों से सुलझाया



### ग्रामीणों ने जताया पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का आभार

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं ( दिनेश कुमार कुमावत)।** चौमूं विधानसभा के भूतेड़ा ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम हाबू का बास में पिछले 30 वर्षों से श्मशान भूमि के मामले को लेकर विवाद चल रहा था तथा ग्रामीण लंबे समय से समाधान की राह देख रहे थे। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा की उपस्थिति में ग्राम पंचायत प्रशासक गौरी शंकर नेतड़, मालीराम घोसलिया, सुराराम मीणा, रुडमल बोचलिया व अन्य ग्रामीणों ने आपसी समझाइश कर इस विवाद को आपसी सहमति से सुलझाया लिया गया। सरपंच गौरीशंकर नेतड़ ने बताया कि राजस्व अधिकारी द्वारा श्मशान भूमि का सीमाज्ञान करके चिह्नित करने के बाद काश्तकारों ने अपनी स्वेच्छा से जमीन खाली कर श्मशान भूमि के लिए छोड़ दी। श्मशान भूमि का मामला सुलझते ही ग्रामीणों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी।पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि मेरा संकल्प हमेशा यही है कि समाज में शांति, सहयोग और विकास का वातावरण बना रहे और हर गांव-ढाणी की समस्याओं का मिल-बैठकर समाधान किया जाए। ग्रामीणों ने विवाद को सुलझाने के पश्चात पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का साफा पहनाकर आभार जताया। इस मौक़े पर ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सैनी सभा द्वारा विवाह समिति की बैठक,विवाह सम्मेलन का पोस्टर विमोचन हुआ

बढ़ता राजस्थान




कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी)। सैनी सभा भवन नंबर एक में रविवार को सैनी सभा संस्था द्वारा संचालित सामूहिक विवाह समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष बडदी चंद सैनी ने की।बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाले विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा करना था। विवाह समिति के संयोजक रामकुमार सैनी ने बताया कि सम्मेलन केप्रचार-प्रसार के लिए जिले की सभी तहसीलों का दौरा किया जाएगा।इस बैठक में समिति के मीडिया प्रभारी बिल्लूराम सैनी ने बताया की विवाह सम्मेलन का पोस्टर का विमोचन सैनी समाज कोटपूतली अध्यक्ष रामसिंह सैनी,पदाधिकारियों व सैनी समाज तिजारा के प्रधान कृष्ण कुमार सैनी,पदाधिकारियों के द्वारा किया गया।कोटपूतली सैनी की कार्यकारिणी ने सैनी समाज तिजारा की कार्यकारिणी का स्वागत अभिनंदन किया।इसके साथ ही,समिति की नई कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया।इसमें ओमप्रकाश सैनी,श्याम लाल सैनी,रामजीलाल सैनी,पूर्व सैनी समाज अध्यक्ष राकेश सैनी, रोहिताश सैनी,दयाराम सैनी को संरक्षक के रूप में नियुक्त किया गया।इस मीटिंग मे हनुमान सैनी नेताजी,रामनिवास सैनी, सैनी समाज उपाध्यक्ष प्रकाश तोदवाल,सचिव ऐड योगेश सैनी,जगदीश खेमजी, रंणजीत सैनी,नत्थू अमीन रामसिंह,विवाह समिति उपाध्यक्ष उदय तोदवाल,सचिव विजय सैनी एडवोकेट,मोहनलाल सैनी ठेकेदार,महेंद्र रामावतार,प्रमोद गुरुजी पार्षद,सत्यनारायण खेमजी रमेश फूलवाला कैलाश सैनी,सेमी सैनी,आदि सैकड़ो की संख्या में समाज मौजूद रहा।

# धोखे से होटल में ले जाकर नाबालिग से छेड़छाड़

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** करणी विहार थाना इलाके परिचित ने नाबालिग को मिलने का झांसा देकर होटल में बुलाया और नश करवा कर उसके साथ छेड़छाड़ की। नाबालिग ने जब आरोपी की हरकतों का विरोध किया तो उसने नाबालिग को धमकाना शुरु कर दिया। परिजनों को घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होने नाबालिग को थाने ले जाकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया । पुलिस बयानों के आधार पर पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। मामले की जांच कर रहे थानाधिकारी हवासिंह ने बताया कि करणी विहार इलाके में रहने वाली महिला का आरोप है कि शुक्रवार को परिचित युवक ने नाबालिग बेटी को मिलने का झांसा देकर होटल में बुलाया और जबरन उसे नशा करवाया। नशा होने के बाद बेहोशी की हालत में आरोपी युवक ने नाबालिग से छेड़छाड़ करना शुरु कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। आरोपी के चुगंल से निकलने के बाद नाबालिग नशे की हालत में अपने घर पहुंची और घटना की जानकारी अपनी माँ को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद माँ अपनी नाबालिग बेटी को लेकर थाने पहुंची।

# आयुर्वेदिक शिक्षा को नई दिशा देने वाला 'द्रव्यगुणोदीयमानम' कार्यक्रम सम्पन्न

### छह दिवसीय सीएमई में देशभर से आए 30 विशेषज्ञ शिक्षकों ने लिया भाग

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय), जयपुर के द्रव्य गुण विभाग की ओर से आयोजित छह दिवसीय सीएमई 'द्रव्यगुणोदीयमानम' का समापन शुक्रवार, 13 सितंबर को हुआ। यह कार्यक्रम आयुष मंत्रालय और राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के सहयोग से आयोजित किया गया था। देश के विभिन्न राज्यों से आए 30 द्रव्यगुण विशेषज्ञ शिक्षकों ने इसमें भाग लिया।

समापन समारोह की अध्यक्षता चेयरमैन, पीसीआईएमएच एवं पूर्व निदेशक प्रो. महेश चंद्र शर्मा ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में द्रव्यगुण विज्ञान की वर्तमान प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ प्रायोगिक पक्ष को समझना समय की आवश्यकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इस अवसर पर द्रव्य गुण विभागाध्यक्ष प्रो. सुदीप्त रथ ने बताया कि सीएमई का उद्देश्य शिक्षकों को द्रव्यगुण विज्ञान के नवीनतम शोध, उपकरणों और विधियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान व्याख्यान, प्रायोगिक सत्र, आधुनिक उपकरणों का प्रशिक्षण, औषधि विकास और अनुसंधान इकाई का अवलोकन एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के जामडोली स्थित धनवंतरी उपवन में औषधीय पौधों की जानकारी लेने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

क्षेत्रीय भ्रमण में प्रतिभागियों ने औषधीय पौधों की पहचान कर उनके चिकित्सीय महत्व पर चर्चा की। कार्यशाला में प्रो. मीता कोटेचा, डॉ. सुभाष साहू, डॉ. अशोक और डॉ. शिवानी एवं अन्य विशेषज्ञों ने अपने शोध और अनुभव साझा किए।


## कार्यालय ग्राम पंचायत भगवतगढ़
### पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा, जिला सवाई माधोपुर

क्रमांक : 2025-26/55 दिनांक : 14.09.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 04/2025-26**

पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा के अधीन ग्राम पंचायत भगवतगढ़ में पन्द्रहवां वित्त आयोग ग्राम पंचायत मद योजनान्तर्गत निम्न कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में निविदा दरें (तकनीकी एवं वित्तीय अलग-अलग) निविदा से संबंधित नियम, शर्ते एवं सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते हैं।

NIB No. : ZSM2526A0556
UBN No. : ZSM2526WSOB00621, ZSM2526WSOB00622, ZSM2526WSOB00623, ZSM2526WSOB00624, ZSM2526WSOB00625, ZSM2526WSOB00626, ZSM2526WSOB00627

**अंगद मीणा**
**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत भगवतगढ़
पं.स. चौथ का बरवाड़ा
जिला-सवाई माधोपुर

**केदारमल गुर्जर**
**प्रशासक**
ग्राम पंचायत भगवतगढ़
पं.स. चौथ का बरवाड़ा
जिला-सवाई माधोपुर

## सम्पादकीय

# मणिपुर में शांति की उम्मीद, प्रधानमंत्री मोदी का महत्वपूर्ण दौरा

करीब ढाई साल पहले हिंसा की आग में बुरी तरह झुलसे मणिपुर में प्रधानमंत्री के दौरे ने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरे ने यह उम्मीद बढ़ाई है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र का यह राज्य शांति की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा और वह बैर भाव मिटेगा, जिसके चलते यहां लंबे समय तक अशांति बनी रही और जिसमें कई लोग मारे गए तथा तमाम विस्थापित हुए। यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि इसी लंबी अशांति के चलते प्रधानमंत्री के मणिपुर जाने में देरी हुई। हालांकि विपक्षी दलों ने इसे एक मुद्दा बना रखा था कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जा रहे हैं, लेकिन इसका मतलब नहीं था। महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री का मणिपुर जाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना था कि यहां शांति कैसे स्थापित हो। यह विचित्र है कि अब जब प्रधानमंत्री मणिपुर पहुंच गए तो भी विपक्ष की ओर से तरह-तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं और राहुल गांधी तो यह कह रहे हैं कि मुद्दा प्रधानमंत्री का मणिपुर जाना नहीं, बल्कि वोट चोरी है। यह हास्यास्पद है। इसका अर्थ है कि प्रधानमंत्री के मणिपुर न जाने को बेवजह तूल दिया जा रहा था।

जो भी हो, प्रधानमंत्री का मणिपुर जाना इसका संकेत है कि वहां ऐसे उपाय कर लिए गए हैं, जिससे स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त हो। ऐसा ही हो, इसके लिए राज्य प्रशासन को भी सचेत रहना होगा और केंद्र सरकार को भी। इस सिलसिले में यह भी देखना होगा कि हिंसा और जातीय वैमनस्य के चलते बड़ी संख्या में जो लोग विस्थापित हुए, वे अपने घरों को लौट सकें।

मणिपुर में ऐसा माहौल बनाना सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए, जिससे कुकी और मैतेई समुदाय के लोग एक-दूसरे के इलाकों में जा भी सकें और जरूरत पडऩे पर रह भी सकें। यह संतोषजनक है कि मणिपुर अब शांत है, लेकिन दोनों बड़े समुदायों कुकी और मैतेई में अभी भी मतभेद कायम हैं।

मणिपुर में स्थायी शांति के लिए म्यांमार से होने वाली घुसपैठ पर भी लगाम लगानी होगी और वहां से होने वाली मादक पदार्थों की तस्करी पर भी। चूंकि मणिपुर राजनीतिक स्थायित्व से वंचित है, इसलिए इसे भी दूर करने की चिंता करनी होगी। फिलहाल यहां राष्ट्रपति शासन लागू है और चूंकि विधानसभा निलंबित है, इसलिए भविष्य में सरकार गठित होने के आसार हैं, लेकिन सरकार ऐसी होनी चाहिए, जिसे सभी वर्गों का भरोसा हासिल हो। स्पष्ट है कि भावी सरकार के गठन में दलगत राजनीतिक हितों से अधिक मणिपुर की शांति को महत्व दिया जाना चाहिए। अब जब प्रधानमंत्री मणिपुर में शांति और विकास सुनिश्चित करने पर जोर दे रहे हैं, तब फिर यह भी आवश्यक है कि उन कारणों के निवारण की भी कोशिश हो, जिनके चलते इस राज्य में हिंसा भडक़ी थी।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 15 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1812 - नेपोलियन के नेतृत्व में फ्रांसीसी सेना मास्को के क्रैमलिन पहुंची।
- 1959 - भारत की राष्ट्रीय प्रसारण सेवा दूरदर्शन की शुरुआत।
- 1982 - लेबनान के निर्वाचित राष्ट्रपति बशीर गेमायेल की पदासीन होने के पूर्व ही बम बिस्फोट में हत्या।
- 1894- प्योंगयांग की लड़ाई में जापान ने चीन को करारी मात दी।
- 1916 - प्रथम विश्व युद्ध में पहली बार सोम्मे की लड़ाई में टैंक का इस्तेमाल किया गया।
- 1948 - स्वतंत्र भारत का पहला ध्वजपोत आईएनएस दिल्ली बंबई(अब मुंबई) के बंदरगाह पर पहुंचा।
- 1959 - भारत की राष्ट्रीय प्रसारण सेवा दूरदर्शन की शुरुआत हुई।
- 1971 - हरी-भरी और शांति पूर्ण दुनिया के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध ग्रीन पीस की स्थापना की गई।
- 1981 - वानुअतु संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बना।
- 2000 - सिडनी में 27वें ओलम्पिक खेलों का शुभारम्भ।
- 2001 - अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति को अफग़ानिस्तान पर सैनिक कार्रवाई की मंजूरी दी।
- 2002 - न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के अवसर पर भारत, चीन एवं रूस के विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित, थाईलैंड के सट्टाहिम में श्रीलंका सरकार व लिट्टे के बीच सीधी वार्ता शुरू।
- 2003 - सिंगापुर के मुद्दे पर विकासशील देशों के भडक़ उठने से डब्ल्यूटीओ वार्ता विफल।
- 2004 - ब्रिटिश नागरिक गुरिंदर चड्ढा को 'वूमैन आफ़ द ईयर' सम्मान।
- 2008 - क्राम्पटन गीब्स ने अमेरिका की एमएसआई ग्रुप कंपनी का अधिग्रहण किया।
- 2009 - बंगलूर के मुंदिर शिवराजी ने सब जूनियर बिलियर्ड्स का ख़िताब जीता। पेनसुला फाउंडेशन के चेयरमैन सुब्रतो चटोपाध्याय 2009-10 के लिए 'आडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन' के अध्यक्ष चुने गये।
- 15 सितंबर को जन्मे व्यक्ति
- 973 - अलबेरूनी - एक फ़ारसी विद्वान् लेखक, वैज्ञानिक, धर्मज्ञ तथा विचारक।
- 1861 - मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया- इंजीनियर, वैज्ञानिक और निर्माता।
- 1876 - शरत चंद्र चट्टोपाध्याय- भारतीय उपन्यासकार।
- 1926 - अशोक सिंघल - 'विश्व हिन्द परिषद' (विहिप) के अध्यक्ष थे।

## विशेष आलेख

# स्वच्छता में नंबर एक की दौड़ में राजस्थान
## इंदौर से प्रेरणा लेकर संकल्प और सुधारों का समय



डॉ नयन प्रकाश गांधी



स्वच्छता परमं ज्ञानं, स्वच्छत्वे देवता स्थिता॥ अर्थात, स्वच्छता ही सबसे बड़ा ज्ञान और पुण्य है, और देवताओं का वास ही स्वच्छता में होता है।' यह प्राचीन उक्ति आज माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए स्वर्णिम देदीप्यमान भारत एवं साथ ही प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकसित राजस्थान समृद्ध राजस्थान के सबसे महत्वपूर्ण अभियानों में से एक के महत्व को प्रकट करती है। संपूर्ण भारत देश में राजस्थान,अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के लिए तो प्रसिद्ध है ही ,साथ ही अब स्वच्छता के क्षेत्र में भी एक नई पहचान बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। राज्य सरकार ने प्रदेश को स्वच्छता रैंकिंग में शिखर पर ले जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।देश के प्रख्यात युवा प्रबंधन एवं पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट डॉ.नयन प्रकाश गांधी का मानना है कि, राजस्थान के स्वच्छता अभियान ने बीते वर्षों में सराहनीय छलांग लगाई है। शहरी और ग्रामीण इलाकों में सफाई, शौचालय निर्माण, कचरा छँटाई, और सामुदायिक पहल लगातार मजबूत हो रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई में 'स्वच्छता ही सेवा', पौधारोपण, महिला-आधारित पिंक टॉयलेट्स तथा स्मार्ट सिटी में वेस्ट-सेग्रीगेशन जैसे नवाचार प्रशंसनीय हैं, लेकिन राज्य को अब अगले स्तर का कठोर रोडमैप चाहिए। भारत देश के सभी राज्यों के समुचित विकास एवं समृद्धि की दृष्टि से 2 अक्टूबर 2014 को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया 'स्वच्छ भारत मिशन' केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन बन गया। इसका उद्देश्य महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करना था, जिसमें खुले में शौच से मुक्ति , ठोस और तरल अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन, और नागरिकों में स्वच्छता के प्रति व्यवहारगत परिवर्तन लाना शामिल था। इस राष्ट्रव्यापी अभियान ने राज्यों के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को जन्म दिया, जिससे स्वच्छता के मानकों में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिला। इसी पृष्ठभूमि में राजस्थान ने भी अपनी स्वच्छता की कहानी लिखनी शुरू की।

**भजनलाल सरकार का विजन-'स्वच्छ राजस्थान, स्वस्थ राजस्थान'**

राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार ने स्वच्छता को अपनी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल किया है। सरकार का विजन स्पष्ट है - केवल सतही सफाई नहीं, बल्कि एक ऐसी स्थायी व्यवस्था का निर्माण करना जहाँ स्वच्छता हर नागरिक की आदत और हर संस्थान की जिम्मेदारी बन जाए। इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं-

- प्रशासनिक जवाबदेही- हाल ही में, भजनलाल सरकार ने अधिकारियों को चार दिन गांवों में रुकने का निर्देश दिया है। यह पहल जमीनी स्तर पर स्वच्छता की स्थिति का जायजा लेने, स्थानीय समस्याओं को समझने और उनका तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के लिए एक क्रांतिकारी कदम है।
- जन-आंदोलन पर जोर-'स्वच्छता ही सेवा' जैसे अभियानों के माध्यम से सरकार सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित कर रही है, जिसमें नागरिक, स्वयंसेवी संस्थाएं और सरकारी विभाग मिलकर सफाई अभियान चलाते हैं।
- नवाचार और विशेष पहल- महिलाओं की गरिमा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए पिंक टॉयलेट्स का निर्माण और स्मार्ट शहरों में कचरा पृथक्करण पर विशेष ध्यान देना, सरकार की दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। गांवों और शहरों की स्वच्छता- राजस्थान की प्रगति राजस्थान ने ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में स्वच्छता के मोर्चे पर उल्लेखनीय प्रगति की है।

**ग्रामीण स्वच्छता:** राज्य के लगभग 98प्रतिशत गाँव खुले में शौच से मुक्त प्लस घोषित हो चुके हैं। इसका अर्थ है कि इन गांवों ने न केवल खुले में शौच की प्रथा को समाप्त किया है, बल्कि ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तिगत शौचालयों की पहुँच 94 प्रतिशत तक पहुँच गई है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। ग्रामीणों के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में सुधार हेतु मल-कीचड़ प्रबंधन, ग्रे जल प्रबंधन और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**शहरी स्वच्छता:** शहरी क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाओं वाले सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण तेजी से हो रहा है। हाल ही के स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के नतीजे उत्साहजनक रहे हैं।

- जयपुर ग्रेटर नगर निगम को देश में 16वाँ स्थान और जयपुर हेरिटेज को 20वाँ स्थान मिला।
- डूंगरपुर सुपर स्वच्छता लीग सिटी के तौर पर पहले स्थान पर रहा, जो छोटे शहरों के लिए एक मिसाल है।
- राज्य के कुल 240 निकायों ने सर्वेक्षण में भाग लिया, जिनमें से अधिकांश की रैंकिंग में पिछले साल की तुलना में सुधार हुआ है।

**चुनौतियों का पहाड़- हम नंबर एक की दौड़ में क्यों पिछड़ रहे हैं?**

तमाम उपलब्धियों के बावजूद, राजस्थान को नंबर एक बनने की राह में कई गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, विशेषकर जयपुर और कोटा जैसे स्मार्ट शहरों में।

- कचरा प्रबंधन की कमजोर व्यवस्था- जयपुर और कोटा जैसे बड़े शहरों में सबसे बड़ी चुनौती कचरे के विशाल पहाड़ों का निस्तारण है। स्रोत पर कचरे को गीला, सूखा और खतरनाक श्रेणियों में अलग करने की प्रक्रिया अभी भी 100प्रतिशत लागू नहीं हो पाई है। कोटा में नांता स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड और जयपुर के आसपास के डंपिंग यार्ड स्थानीय निवासियों के लिए स्वास्थ्य का गंभीर संकट पैदा कर रहे हैं।
- जल संकट का प्रभावः राजस्थान एक सूखा-प्रभावित राज्य है। कई क्षेत्रों में पानी की कमी के कारण शौचालयों का नियमित उपयोग और सार्वजनिक स्थानों की धुलाई प्रभावित होती है, जो स्वच्छता प्रयासों को बाधित करती है।
- नागरिक अनुशासन और जन-सहभागिता का अभावः इंदौर की सफलता का सबसे बड़ा रहस्य वहां के नागरिकों का अनुशासन है। इसके विपरीत, राजस्थान के शहरों में सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने, प्लास्टिक का उपयोग करने और नियमों का उल्लंघन करने की प्रवृत्ति अभी भी व्यापक है। जन-सहभागिता अक्सर केवल सरकारी अभियानों तक सीमित रह जाती है, दैनिक आदत नहीं बन पाती।

# विश्व की पहली 'एआई महिला मंत्री', उठने लगे सवाल

*जो मानव न होकर 'कृत्रिम बुद्धि जनित' यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित है। 'डिएला' का अर्थ अल्बानियाई भाषा में 'सूर्य' होता है। अल्बानिया के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्रिप्टोकरेंसी लाइसेंसिंग विभाग के प्रमुख एनियो कासो ने 12 सितंबर को अल्बानिया की राजधानी तिराना में एआई बॉट 'मंत्री' 'डिएला' का परिचय दिया।*



हरीश शिवनानी

इस सप्ताह राजस्थान के जैसलमेर जिले से भी छोटे देश अल्बानिया ने संसदीय इतिहास में एक ऐसा कदम उठाया है जो दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गया है। यूरोप महाद्वीप के इस देश के प्रधानमंत्री एडी रामा ने अपने मंत्रिमंडल में भ्रष्टाचार से निपटने के लिए एक 'आर्टिफिशियल मंत्री' 'डिएला' नियुक्त की है, जो मानव न होकर 'कृत्रिम बुद्धि जनित' यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित है। 'डिएला' का अर्थ अल्बानियाई भाषा में 'सूर्य' होता है। अल्बानिया के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्रिप्टोकरेंसी लाइसेंसिंग विभाग के प्रमुख एनियो कासो ने 12 सितंबर को अल्बानिया की राजधानी तिराना में एआई बॉट 'मंत्री' 'डिएला' का परिचय दिया। यह विश्व की एक ऐसी 'कैबिनेट मंत्री' है जो 'शारीरिक' नहीं हैं। डिएला को सार्वजनिक खरीद विभाग का मंत्री बनाया गया है और इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी निविदाओं के माध्यम से सार्वजनिक खरीद प्रक्रियाओं को पारदर्शी, तेज़ और पूरी तरह जवाबदेह बना कर भ्रष्टाचार को पूरी तरह समाप्त करना है।

डिएला एक 'एआई-पावर्ड वर्चुअल असिस्टेंट' है, जिसे माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से विकसित किया गया था। यह ई-अल्बानिया प्लेटफॉर्म पर पहले से ही एक वर्चुअल असिस्टेंट के रूप में कार्य कर रही थी। इसे पारंपरिक अल्बानियाई वेशभूषा में एक महिला के रूप में चित्रित किया गया है। इसे 'आर्टिफिशियल मंत्री' बनाने से अल्बानिया में संवैधानिक सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि अल्बानिया के संविधान के अनुसार, मंत्रियों को 18 वर्ष से अधिक आयु का मानसिक रूप से सक्षम 'नागरिक' होना चाहिए। इस वर्ष हुए संसदीय चुनावों में रामा की सोशलिस्ट पार्टी ने 140 विधानसभा सीटों में से 83 सीटें जीतकर लगातार चौथी बार सत्ता हासिल की जबकि पूर्व प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति साली बेरिशा के नेतृत्व वाले विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के गठबंधन ने 50 सीटें जीतीं। बहुमत के लिहाज से सोशलिस्ट ??पार्टी शासन कर सकती है और ज़्यादातर कानून पारित कर सकती है, लेकिन अल्बानिया के संविधान में बदलाव के लिए उसे दो-तिहाई बहुमत यानी 93 सीटों की ज़रूरत है। अल्बानियाई राष्ट्रपति बजराम बेगज ने 13 सितंबर को रामा को नई सरकार के गठन का अधिकार सौंपा दिया। विश्लेषकों का कहना है कि इससे प्रधानमंत्री को एआई डिएला के निर्माण और संचालन' का अधिकार तो मिल गया है लेकिन सवाल संविधान सम्मत होने का है कि मानव की जगह 'कृत्रिम आभासी ईकाई' को मंत्री कैसे बनाया जा सकता है? स्वयं अल्बानियाई राष्ट्रपति के पास भी इसका स्पष्ट ज़वाब नहीं है। पत्रकारों के पूछे जाने पर कि क्या यह संविधान का उल्लंघन है, बेगज डिएला वाला सवाल टाल गए। अल्बानिया के प्रमुख विपक्षी दल डेमोक्रेटिक पार्टी ने इसे 'हास्यास्पद' और 'असंवैधानिक' करार दिया है। डेमोक्रेट्स के संसदीय दल के नेता गजमेंद बर्धी ने कहा कि बर्धी ने प्रधानमंत्री की मसखरी को अल्बानियाई राज्य के कानूनी कृत्यों में नहीं बदला जा सकता। अल्बानियाई कानूनी विशेषज्ञों ने भी संवैधानिक चुनौतियों की ओर इशारा किया है।

## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान



**किशन सहाय मीणा (आईजी,मानवाधिकार, पुलिस मुख्यालय)**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं वरिष्ठ श्रेणी के आईपीएस अधिकारी श्री किशन सहाय मीणा। जोकि इस समय महानिरीक्षक पुलिस, मानवाधिकार पुलिस मुख्यालय, राजस्थान,जयपुर पद को सुशोभित कर रहे हैं। 10 जुलाई सन 1966 को अलवर में जन्में किशन सहाय एक साधारण ग्रामीण परिवार से ब्लांग रखते हैं। बी.ई(इलेक्ट्रॉनिक्स) करने के बाद पुलिस सेवा में आए और राजस्थान पुलिस सेवा में विभिन्न स्थानों पर डिप्टी एसपी और एडिशनल एसपी पद पर रहे। सन 2013 को आरपीएस से आईपीएस पद पर प्रमोट हुए और पुलिस अधीक्षक, टोंक लगाए गए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक जी.आर.पी अजमेर रहे। आज महानिरीक्षक पुलिस, मानवाधिकार, पुलिस मुख्यालय राजस्थान,जयपुर जैसे पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये महानिरीक्षक पुलिस, आम्र्ड बटालियन.प्रथम जयपुर रहे। उप महानिरीक्षक पुलिस, आम्र्ड बटालियन, पुलिस मुख्यालय जयपुर। उप महानिरीक्षक पुलिस, सीआईडी क्राइम ब्रांच जयपुर। उप महानिरीक्षक पुलिस, जेल, राजस्थान जयपुर। पुलिस अधीक्षक, सीआईडी क्राईम ब्रांच, जयपुर। पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण, पुलिस मुख्यालय जयपुर। पुलिस में एक चर्चित नाम के साथ किशन सहाय मीणा को जोडा जाता है। युवाओं में जातिवाद व धर्मवाद के खिलाफ बिगुल बजाने व लोगों को विज्ञान से जोडने वाले व अंधविश्वास को समाज से दूर करने वाले एक इंसान हैं। विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों में युवाओं को वैज्ञानिक दृष्ट्रिकोण से जोडकर अंधविश्वास से हटाए जाने का जो बीड़ा इन्होंने उठाया है आज भी अनवरत जारी है। इनका मकसद कर्मयोग से युवाओं को जोडना बताया गया। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

-रूपक शर्मा

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# बंद नाक और माइग्रेन से जलनेति दिलाता है राहत

आजकल धूल, मिट्टी, प्रदूषण, और मौसम में बदलाव के कारण बहुत से लोग सर्दी, जुकाम, खांसी, छींक, नाक बंद होना और आंखों में जलन जैसी समस्याओं का सामना करते हैं। इन समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए योग क्रियाओं में से एक प्रभावी उपाय है जलनेति। यह नाक शोधन की प्राचीन क्रिया है, जो नाक की सफाई और श्वसन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करती है। जलनेति क्रिया इन समस्याओं से राहत पाने का प्राकृतिक और प्रभावी उपाय है। यह नाक की सफाई कर साइनस, एलर्जी और संक्रमण को कम करती है। साथ ही, यह श्वसन तंत्र को स्वस्थ रखने और नाक, गला, व आंखों की जलन को कम करने में मदद करती है। नियमित अभ्यास लाभकारी होता है। जलनेति क्र?यिा कैसे करता है काम जलनेति क्रिया में गुनगुने नमकीन पानी का इस्तेमाल किया जाता है, जिसे नाक के एक छिद्र से डाला जाता है और दूसरे छिद्र से निकाला जाता है।

इस प्रक्रिया के दौरान नाक के अंदर जमी गंदगी, बैक्टीरिया और म्यूकस बाहर निकल जाते हैं, जिससे सर्दी, जुकाम, और नाक की तकलीफों से राहत मिलती है। जलनेति से न केवल नाक की सफाई होती है, बल्कि यह श्वसन तंत्र को मजबूत भी करता है और संक्रमण से बचाता है।

### जलनेति के फायदे और सावधानियां

**: नाक की सफाई:** जलनेति नाकशोधन प्रक्रिया हैं। यह सांस नली से संबंधित समस्याओं, पुरानी सर्दी, दमा, और सांस लेने में होने वाली परेशानियों को दूर करती है। इसके नियमित अभ्यास से नासिका क्षेत्र में कीटाणुओं का पनपना रुकता है।

**आंख, कान और गले की समस्याओं में राहत:** जलनेति से आंखों में पानी आना, जलन और खुजली जैसी समस्याएं कम होती हैं। यह कान और गले की बीमारियों से भी बचाव करती है। सिरदर्द, अनिद्रा और सुस्ती में भी जलनेति का अभ्यास फायदेमंद साबित होता है। सावधानियां - जलनेति क्रिया के बाद यह सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है कि नाक के छिद्रों में पानी बचा न हो।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है, तभी आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकेगी। परिवार वालों के साथ समय बिताने से जो टेंशन थी, तो वह भी कम होगी। भाई और बहनों से आपकी खूब पटेगी।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढने के लिए रहेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपको संतान पक्ष की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए संघर्षो से भरा रहेगा। आपके कामों में कुछ रुकावटें आएंगी, जो आपकी टेंशन को बढ़ाएंगी। आपको किसी भी मामले को थोड़ा धैर्य से निपटना होगा। आपकी कोई गलती आपको टेंशन दे सकती है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको धन कमाने के नए-नए अफसर मिलेंगे। आप अपनी योजनाओं पर पूरा ध्यान लगाए और रुपये पैसे को लेकर कोई मामला यदि अटका हुआ था, तो वह भी दूर हो सकता है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है, इसलिए आप कोई निवेश बहुत ही समझदारी से करें और अपने खर्चों को थोड़ा कंट्रोल करने की कोशिश करें।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम लेने के लिए रहेगा। आपको कुछ अनजान लोगों से दूरियां बनाकर रखनी होगी। वैवाहिक जीवन में कुछ चुनौतियां आएंगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो कदम उठाएंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा और नौकरी में आपको प्रमोशन आदि मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आपके अंदर एक्स्ट्रा रहने से आप प्रत्येक कामों को करने के लिए तत्पर रहेंगे। आप अपनी सेहत को लेकर भी थोड़ा एतियात बरतें।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों से भरा रहने वाला है। आपके सामने कुछ दिक्कतें बनी रहेंगी। किसी बड़े प्रोजेक्ट से भी आपको धोखा मिल सकता है। आप किसी काम को लेकर मेहनत अधिक करेंगे।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए कोई निर्णय बहुत ही सोच समझकर लेने के लिए रहेगा। जल्दबाजी में किसी काम को हां ना करें। बिजनेस के कामों में कोई बदलाव करना आपके लिए अच्छा रहेगा।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपने कामों में कर्मनिष्ठ होकर आगे बढ़ेंगे। आप किसी दूसरे पर काम को लेकर डिपेंड ना रहेंगे। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए खुशियों से सराबोर रहने वाला है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लगने से माहौल खुशनुमा रहेगा। नौकरी में आपको मनमुताबिक काम मिलेगा।

## टोंक में परीक्षा सेंटर की गूगल ने गलत लोकेशन बताई

# एसपी ने जाब्ता भेज सही पते पर पहुंचाया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक/निवाई (का.स.)।** जिला मुख्यालय और निवाई में 19 परीक्षा सेंटरों पर कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा की पहली और दूसरी पारी की परीक्षा खत्म हो गई है । उसके बाद परीक्षार्थी अपने गंतव्य स्थान पर जाने ले लिए बस स्टैंड पर उमड़ पड़े। जहां पुलिसकर्मियों ने लाइनों में लगाकर बसों में बिठाकर रवाना कर रहे है । परीक्षा शांतिपूर्ण खत्म हो गई। पहली पारी में करीब 70 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित हुए। वहीं दूसरी पारी की परीक्षा में कुल कितने परीक्षार्थी बैठे, इसके आंकड़े एकत्रित किए जा रहे हैं। उधर, दूसरी पारी में जिला मुख्यालय के दो परीक्षा सेंटरों की गूगल मैप पर लोकेशन गलत आने से अभ्यर्थी काफी परेशान हुए। नेहरू कॉलेज और संत सुधा सागर पब्लिक स्कूल पर बनाए गए परीक्षा केंद्रों की लोकेशन गूगल मैप पर गलत आ रही है। इसके चलते अभ्यर्थी काफी परेशान हुए हैं।



### पुराना एड्रेस अपडेट नहीं हुआ

संत सुधा सागर पब्लिक स्कूल का एड्रेस गूगल मैप में अंबेडकर स्टेडियम के पास नेहरू कॉलेज का बताया। वहीं नेहरू कॉलेज डेढ़ साल से ज्यादा समय से जिला मुख्यालय से करीब सात किमी दूर चराई गांव के पास नए भवन में शिफ्ट हो गया, लेकिन गूगल मैप में नेहरू कॉलेज का एड्रेस अंबेडकर स्टेडियम के पास पुराने नेहरू कॉलेज भवन ही बता रहा है।

### क्या कहा गूगल की गलत लोकेशन से गलत एड्रेस पर पहुंचे अभ्यर्थियों ने

जयपुर से आए नीरज सैनी ने कहा कि उसका सेंटर संत सुधा सागर पब्लिक स्कूल में आया था, ऐसे में मैं टोंक बस स्टेंड से इसे गूगल मैप पर सर्च किया तो एक किमी दूर नेहरू कॉलेज के पास बताया। यहां पहुंचा तो पुलिसकर्मी मिले जिन्होंने ने मुझे सही एड्रेस बताते हुए वहां छोडने की व्यवस्था की। वह सेंटर करीब यहां से सात किमी दूर बताया। जयपुर से आए ललित मोहन मीणा ने बताया कि उसका सेंटर नेहरू कॉलेज आया है, गूगल पर यह एड्रेस बस स्टेंड से एक किमी दूर यहां बता रहा है, इसलिए यहां आ गया।

### एसपी ने जाब्ता भेज सही लोकेशन बताई

हालांकि इसका पता जैसे ही एसपी राजेश मीना ने तुरंत पुलिस जाब्ता भेज कर व्यवस्था सुचारु करवाई। पुराने नेहरू कॉलेज भवन के पास पुलिस चौकी पर डीएसपी राजेश विधार्थी, कोतवाल भंवर लाल वैष्णव दोपहर 12.30 बजे पहुंचे और गलत एड्रेस पर पहुंचे रहे अभ्यर्थियों को सही परीक्षा केंद्र पर भेजने की व्यवस्था की।

इस मामले एसपी राजेश कुमार मीना ने बताया कि हां सेकेंड पारी में गूगल पर दो परीक्षा सेंटर के एड्रेस गलत आ रहे हैडु। इसका पता लगने के बाद तुरंत पुलिस जाप्ता उन परीक्षा सेंटरों पर लगा कर उन्हें सही परीक्षा सेंटरों पर भेजा गया।

## सेवा पखवाड़ा पीएम के विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : हामिद खान मेवाती



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश में सेवा पखवाड़ा मनाएगी। जिसके तहत टोंक में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ में प्रदेशाध्यक्ष हामिद खान मेवाती ने बैठक की। बैठक में सेवा पखवाड़ा एवं आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हामिद खान मेवाती ने कहा कि नरेंद्र मोदी की संगठन में एक कार्यकर्ता से देश के प्रधानमंत्री बनने तक की यात्रा हमें यह सिखाती है कि राष्ट्र प्रथम , निष्ठा, परिश्रम और सेवाभाव जब एक साथ आते हैं तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। मेवाती ने कहा कि गरीब और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं, वे अभूतपूर्व हैं। गरीब को पक्का घर, हर घर शौचालय, हर गांव में बिजली और हर नागरिक तक स्वास्थ्य सेवा पहुँचाने का उनका संकल्प उनकी दूरदर्शिता और सेवाभाव को दर्शाता है। विकसित भारत 2047 का सपना, सेवा पखवाड़े के माध्यम से साकार होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को स्वच्छता अभियान जैसा आंदोलन दिया, जो विश्व में एक मिसाल बन चुका है। स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे विचारों की शुद्धता का भी प्रतीक है। मोदी जी ने सामाजिक सरोकार के कार्यों को प्राथमिकता दी, सनातन संस्कृति को मजबूत किया और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। प्रदेश की डबल इंजन सरकार पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर काम कर रही है। सेवा पखवाड़े के दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर वृक्षारोपण करेगा। बैठक मे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री मोहम्मद विकार खान, मोर्चा जिला अध्यक्ष अब्दुल रशीद, मोर्चा उपाध्यक्ष शादाब खान, रफीक अब्बासी, अब्दुल रज़्ज़ाक़, दानिश खान, हसीन खान,महबूब खान एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## धर्मगुरुओं ने बाल विवाह मुक्त समाज का लिया संकल्प




बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** देवधाम जोधपुरिया में सिकोइडिकोन संस्था एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन्स एलायंस ने चाइल्ड मैरिज फ्री वर्ल्ड अभियान के तहत बाल विवाह रोकथाम को लेकर विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न धर्मगुरुओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा नाबालिग विवाह नहीं कराने का संकल्प लिया। संस्था के परियोजना समन्वयक देवेंद्रकुमार जांगिड ने बताया कि बाल विवाह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भविष्य पर गंभीर असर डालता है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की लडक़ी एवं 21 वर्ष से कम आयु के लडक़े का विवाह कानूनन अपराध है। नायब काजी एवं इस्लामिक स्कॉलर सैयद असगर अली ने बताया कि इस्लाम में निकाह तभी मान्य है जब दोनों परिपक्व हों। डिग्गी कल्याण जी महाराज मंदिर के पंडित यदुराज शर्मा ने बताया कि शास्त्रों में विवाह तभी पूर्ण है जब लडक़ा-लडक़ी मानसिक व शारीरिक रूप से सक्षम हों। श्री देवनारायण धाम मंदिर जोधपुरिया के पुजारी देवालाल गुर्जर ने बताया कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए बाल विवाह जैसी बुराई को जड़ से समाप्त करना होगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालतः 84,845 प्रकरणों का निस्तारण कर 10,80,54,549 के अवार्ड पारित

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वावधान में शनिवार को जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर न्याय क्षेत्र के न्यायालयों तथा तालुका विधिक सेवा समितियों गंगापुर सिटी, खण्डार, बौंली, बामनवास एवं न्यायालय चौथ का बरवाड़ा में इस वर्ष की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी राजीनामे से प्रकरणों के निस्तारण हेतु जिले में कुल 10 बैंचो का गठन किया गया। जिनमें जिला मुख्यालय पर न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, स्थायी लोक अदालत के मामलों के निस्तारण हेतु गठित बैंच की अध्यक्षता देवेन्द्र दीक्षित जिला एवं सेशन न्यायाधीश सवाई माधोपुर द्वारा तथा जिला एवं सेशन न्यायालय, पारिवारिक न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, एससी/एसटी न्यायालय, अपर जिला एवं सेशन न्यायालय के मामलों के निस्तारण हेतु गठित बैंच की अध्यक्षता असीम कुलश्रेष्ठ, विशिष्ट न्यायाधीश एससी/एसटी न्यायालय द्वारा तथा न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-01 एवं संख्या-02 सवाई माधोपुर के मामलों हेतु गठित बैंच की अध्यक्षता गार्गी चौधरी अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सवाई माधोपुर द्वारा तथा राजस्व व प्री-लिटीगेशन स्तर के मामलों के निस्तारण हेतु गठित बैंच की अध्यक्षता समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा की गई। बैंचों द्वारा सभी प्रकार के राजीनामा योग्य आपराधिक मामलें, पारिवारिक मामले, सिविल प्रकृति के मामलें, चैक अनादरण प्रकरण, बैंकों के ऋष्ण वसूली मामलें, राजस्व से सबंधित मामलों एवं सभी प्रकार के राजीनामा योग्य मामलों की सुनवाई कर उभय पक्षकारों के मध्य समझाईश कर आपसी राजीनामें के माध्यम से प्रकरणों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सवाई माधोपुर न्यायक्षेत्र में लम्बित कुल 24,071 प्रकरणों में से 19,095 प्रकरणों का निस्तारण कर 6,82,47,092 रूपए के अवार्ड पारित किए गए तथा प्री-लिटिगेशन के कुल 71,314 प्रकरणों में से 65,750 प्रकरणों का निस्तारण कर 3,98,07,457 रूपए के अवार्ड पारित किये गये।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पर्यावरण गतिविधियों के तहत तीन हजार पौधों का किया रहा है वितरण



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पर्यावरण गतिविधियों के तहत निवाई उपखंड क्षेत्र में 3000 पेड़ों का वितरण किया गया है। निवाई खंड संयोजक सीताराम महावर ने बताया कि पर्यावरण गतिविधियों के प्रांत सह संयोजक राम प्रकाश विजय के नेतृत्व में निवाई उपखंड क्षेत्र के 12 मंडलों में पौधों का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन संबंधित मंडलों को फलदार, छायादार, फूलदार व सजावटी पौधों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रथम फेज में 1000 पौधों का वितरण किया गया था। वर्तमान में दूसरा फेज चल रहा है जिसमें 2000 पौधों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उपखंड क्षेत्र में चैनपुरा, मुंडिया, चनानी, राहोली, सुनारा, बिडोली, डांगरथल, खणदेवत, वनस्थली, पलेई, रजवास, पहाड़ी, झिलाय व दतवास मंडलों में पौधों का वितरण किया जा रहा है। पौधों की लंबाई करीब 8 से 10 फीट है जो जल्दी ग्रोथ करेंगे। वितरित किए जा रहे छायादार पौधों में अशोक, बरगद, पीपल गुलमोहर, कदम, कचनार, फलदार पौधों में अनार, जामुन, संतरा, बील, आम, मौसमी, आंवला व नींबू व सजावटी पौधों में मोर पंख,रातरानी, डबल चांदनी व हरसिंगार के पौधे शामिल हैं। वितरण किया जा रहे हैं पौधों की सार संभाल व वितरण में धार्मिक संस्थान प्रमुख ताराचंद माहुर, शिक्षण संस्थान प्रमुख रामनरेश विजय, पेड़ प्रमुख गोविंद नारायण शर्मा, युवा शक्ति प्रमुख पुलकित पारीक, सुरेश राजवंशी, वीरेंद्र कुमार, उमराव सिंह, प्रेम प्रभु सैनी व सुरेश पारीक शामिल हैं।

### भाजपा का सेवा पखवाड़ा अभियान

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म अभियान की जिला कार्यशाला संपन्न

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी जिला सवाई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की सेवा पखवाड़ा अभियान, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी रिफॉर्म अभियान की संयुक्त कार्यशाला रविवार को जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुई । जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप केबिनेट मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा, मुख्य वक्ता के रूप में टोंक के पूर्व विधायक अजीत मेहता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंगलाल जाट, सुरेश जैन, डॉ भरतलाल मथुरिया, सेवा पखवाड़ा अभियान के जिला संयोजक विनोद अटल, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के जिला संयोजक जगदीश अग्रवाल, नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म अभियान के जिला संयोजक दीपक सिंघल, जिला महामंत्री बाबूलाल मीणा एवं गंगापुर प्रधान मंजू गुर्जर मौजूद रही । कार्यक्रम की शुरुवात भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुई ।जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक चलेगा, आत्मनिर्भर भारत अभियान 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक चलाया जाएगा, वही 17 सितंबर को नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर देश का सबसे बड़ा रक्तदान शिविर आयोजित होगा, गांधी जयंती के साथ 2 अक्टूबर को लाल बहादुर की जयंती भी मनाई जाएगी, उनके योगदान को देश में याद किया जाएगा । जिलाध्यक्ष मानसिंह ने कहा कि जीएसटी से प्रत्येक परिवार को 5 से 10 हजार रुपए का फायदा मिला है, उन्होंने कहा कि इस जिला कार्यशाला के बाद सभी अभियानो की उक्त कार्यशालाएं मंडल स्तर पर भी की जाएगी, जिसमे कार्यक्रम की योजना तय करके हर मंडल स्तर पर कार्यक्रम होंगे ।

## शहर चलो अभियान आज से

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगरपालिका के तत्वावधान में सोमवार से शहर चलो अभियान को लेकर शहर में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने बताया कि 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शहर के सभी वार्डों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर चलो अभियान के तहत सोमवार को अग्रवाल धर्मशाला में वार्ड नम्बर 5, 6, 7, 13, 14, 15 व 16 का शिविर आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से वार्डों में साफ- सफाई, स्ट्रीट लाईट रिपेयर व नई लाईट लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराना, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पैच वर्क, सार्वजनिक पार्कों व सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई व रिपेयर, सिवरेज कनेक्शन व रिपेयर, कार्यालय में पेंडिंग पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के स्टेट व ग्रांट एक्ट के पट्टे, कच्ची बस्ती, 69 ए, कृषि भूमि, भू उपयोग परिवर्तन, खांचा भूमि, नामांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, ट्रेड लाइसेंस, फायर एनोसी, स्ट्रीट वेंडर रजिस्ट्रेशन, उप विभाजन-एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म- मृत्यु, विवाह पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्वनिधि व प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आवेदन, प्रधानमंत्री आवास व शौचालय निर्माण के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।

## 5 घंटे बिजली बंद

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** विद्युत फीडर पर मरम्मत कार्य को लेकर सोमवार को 5 घंटे बिजली आपूर्ती बंद रहेगी। विभाग के कनिष्ठ अभियंता धनराज यादव ने बताया कि बीसलपुर पंप हाउस फीडर का मरम्मत कार्य किया जाएगा। जिसके चलते सोमवार को बीसलपुर पंप हाउस, इन्द्रा विस्तार कॉलोनी व बाईपास के आस-पास के क्षेत्र में सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

## भाजपा ने सेवा पखवाड़ा के लिए किए मोर्चों के जिला संयोजक नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा । जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व एवं जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की सहमति से मोर्चा जिला संयोजक जमनालाल वैष्णव ने कार्यक्रमो में सहयोग हेतु विकास सैनी को युवा मोर्चा, एडवोकेट उर्मिला शर्मा को महिला मोर्चा, रघुनाथ वैष्णव को किसान मोर्चा, अंसार खलीफा को अल्पसंख्यक मोर्चा, केदार मीणा को एसटी मोर्चा, खेमराज महावर को एससी मोर्चा, गिरधारी सोनी को ओबीसी मोर्चा का जिला संयोजक नियुक्त किया है ।

### युवा पीढ़ी को हिंदी अपनाने का आह्वान

## हिंदी का स्थान दुनिया की कोई भाषा नहीं ले सकतीः डॉ.सूरज सिंह नेगी

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के वरिष्ठ सहायक एवं साहित्यकार डॉ.सूरज सिंह नेगी ने कहा है कि हिंदी का स्थान दुनिया की कोई भाषा नहीं ले सकती। उन्होंने आव्हान किया कि नई युवा पीढ़ी को हिंदी के महत्व को समझ करके अपने दैनिक जीवन ही नहीं अपितु विकास की यात्रा में इसको अपनाना होगा।

राजस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डॉ.सूरज सिंह नेगी रविवार को टोंक ऑस्कर की तरफ से मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी फारसी शोध संस्थान टोंक के ऑडिटोरियम में आयोजित 10वें अवॉड्र्स समारोह में मुख्य अतिथि पद से बोल रहे थे। इस समारोह में सीनियर जर्नलिस्ट राजकुमार करनानी,रोशन शर्मा,रामावतार धाभाई,रफीक अंसारी को पत्रकारिता में निष्पक्ष लेखन एवं कुशल संपादन के लिए स्वर्गीय हनुमान सिंहल पत्रकारिता सेवा पुरस्कार से नवाजा गया । वहीं इस समारोह में 40विभिन्न प्रतिभाओं को भी अवॉड्र्स दिए गए ।हिंदी साहित्यकार तथा उपन्यासकार डॉ.सूरज सिंह नेगी ने समारोह में हिंदी दिवस की चर्चा करते हुए कहा कि आज के युग में माता, पिता का दिवस मनाने का प्रचलन चल गया ।जिसमें ही एक दिवस हिंदी दिवस भी है।

उन्होंने कहा कि हिंदी को राष्ट्र भाषा का दर्जा नहीं मिले इसके लिए आजादी के समय से ही साजिश रची गई तथा इसके विरोध में भी आंदोलन कराएं गए।

उन्होंने कहा कि उत्तर भारत के 11राज्यों को हिंदी भाषी होने का दावा तो किया जाता है लेकिन आज भी लोगों के घरों में हिन्दी भाषा का साहित्य नहीं मिल पाता ।उन्होंने कहा कि आज भी हिंदी पाठ्यक्रम के लिए तरसती है,वहीं अंग्रेजी विषय लेने की होड़ाहोडी मची हुई है चाहे अंग्रेजी आती नहीं सिर्फ पड़ोसी का बच्चा अंग्रेजी लिया है तो वह भी अंग्रेजी ही लेगा।

उन्होंने आव्हान किया कि युवा पीढ़ी को अपनी मातृभूमि तथा अपनी राष्ट्र भाषा के महत्व को समझना होगा ताकि हिंदी को उचित स्थान मिल सकें।

राजकीय महाविद्यालय टोंक हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं साहित्यकार डॉ.मनु शर्मा ने हिंदी को एक अंब्रेला लैंग्वेज बताते हुए कहा कि इसकी भारत में भूमिका को कम आंकना बड़ी भूल होगी ।उन्होंने कहा कि इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि हिंदी ने देशवासियों को स्वाधीनता आंदोलन से विभिन्न प्रांतों एवं अलग अलग भाषाई लोगों को जोडने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

साहित्यकार डॉ.मनु शर्मा ने हिंदी के स्वरूप को हिंदुस्तानी बताते हुए कहा कि हिंदी की स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका थी ।जिसने जनजागृति में अपनी अहम भूमिका निभाई ।भारत में वैज्ञानिक चेतना के प्रसार,लोकतंत्र की स्थापना,भारतीय समाज को तर्क संगत दृष्टिकोण विकसित किए जाने में हिंदी भाषा का महत्वपूर्ण योगदान है।

समारोह के मुख्य संयोजक जाहिद टोंकी ने बताया कि टोंक ऑस्कर की तरफ से आयोजित अवॉड्र्स समारोह की अध्यक्षता बी एल वर्मा ने की तथा हनुमान प्रसाद बोहरा,पी सी जैन ,गोरधन हीरोनी,योगेश सोमानी,शिवजी लाल चौधरी विशिष्ट अतिथि थे।

## 69वीं जिला स्तरीय छात्रा कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** रायली स्थित राजकीय विद्यालय में विधानसभा क्षेत्र में 69वीं जिला स्तरीय छात्रा कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने कहा कि खेल हमेशा अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और आत्मविश्वास की भावना को जागृत करते हैं। उन्होंने खेल को खेल की भावना से खेलने पर जोर दिया और कहा कि जीवन भी एक खेल है जिसे परमपिता परमात्मा हमसे खेलते हैं।

बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि खेलों से शारीरिक विकास और स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है। उन्होंने सभी से खेलों में रुचि लेने का आह्वान किया और बताया कि मानसिक संतुलन और शारीरिक विकास जीवन की अहम कड़ी हैं जिन्हें अवरुद्ध नहीं किया जाना चाहिए।

इस मौके पर सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने फीता काटकर कबड्डी प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया। उपस्थित ग्रामीणों ने सांसद और विधायक का माला और साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। प्रतियोगिता में कुल 18 टीमों ने भाग लिया। सांसद और विधायक ने सभी टीमों को अग्रिम शुभकामनाएं दीं, जिससे विधानसभा क्षेत्र और जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र का नाम खेलों की दुनिया में राजस्थान की अग्रिम पंक्ति में आए। इस अवसर पर डॉ. शशिकांत बोहरा, भाजपा नेता सज्जन मिश्रा, एडवोकेट अंकुर दायमा, बानसूर उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित सहित कई खिलाड़ी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## हिंदी दिवस पर डॉ. अभिमन्यु ने मातृभाषा हिंदी में लिखकर दिया रोगियों को परामर्श



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** अपनी मातृभाषा पर गर्व करके ही कोई राष्ट्र प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए सीएचसी टहला के डॉ. अभिमन्यु सिद्ध ने हिंदी दिवस के अवसर पर मरीजों को पर्ची में दवाइयां और परामर्श हिंदी में लिखकर दिया।

डॉ. सिद्ध पर्ची में मरीज की बीमारी, कौन-सी दवा लेनी है, उसकी मात्रा और समय जैसी महत्वपूर्ण जानकारी हिंदी में प्रदान कर रहे हैं। उनका मानना है कि मातृभाषा में दवा पर्ची लिखने से मरीज को अपनी बीमारी और दवाओं को सही तरीके से समझने में आसानी होती है। साथ ही, यह उनकी मातृभाषा के प्रति गर्व और सम्मान की भावना को भी बढ़ाता है। डॉ. सिद्ध ने बताया कि इससे लोगों में स्वाभिमान और मातृभाषा के प्रति जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि जैसे जापान, चीन और जर्मनी जैसी देश अपनी मातृभाषा को महत्व देकर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं, वैसे ही हिंदी को मान्यता और गौरव देना हमारा कर्त्तव्य है। उन्होंने आगे कहा, हिंदी सिर्फ भाषा नहीं, बल्कि एक भाव है, जो मातृभूमि पर समर्पण और मर मिटने की प्रेरणा देती है। हमें इसे सम्मानित और गौरवशाली बनाना चाहिए।

## सड़क की सफाई के साथ सामाजिक बुराइयों की सफाई भी जरूरी




बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र के समाजसेवी गोरधन सैनी अपनी अद्भुत सेवा भावना के लिए चर्चित हैं। प्रतिदिन वे नगर की सडक़ और पटरी की सफाई करते हैं और लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाते हैं। स्थानीय निवासी बताते हैं कि कुछ लोग सडक़ पर केले के छिलके या अन्य कचरा फेंक देते हैं। ऐसे में सैनी न केवल उन्हें हिदायत देते हैं बल्कि फेंके गए कचरे को स्वयं उठाकर डस्टबिन में डालते हैं। प्रातःकालीन नगर पालिका की कचरा संग्रहण गाड़ी में भी वे स्वयं कचरा डालकर सफाई सुनिश्चित करते हैं। समाजसेवी सैनी का मानना है कि सडक़ की सफाई हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, वहीं सामाजिक बुराइयों की सफाई देश हित में जरूरी है। उन्होंने कहा, यदि समाज मुझे मौका देगा, तो बानसूर से मैं सामाजिक बुराइयों की सफाई की शुरुआत करूंगा। स्थानीय लोग और प्रत्यक्षदर्शी उनकी इस सेवा भावना की खुले दिल से प्रशंसा कर रहे हैं और सैनी को प्रेरक उदाहरण मानते हैं।

## मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना में एसआईपीएफ विभाग करेगा सहायता

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना और राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना में पंजीकृत सभी परिवारों को दुर्घटनाओं के कारण मृत्यु या पूर्ण स्थायी अपंगता होने पर आर्थिक सहायता देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत रेल, वायु और सडक़ दुर्घटना, ऊँचाई से गिरना या किसी वस्तु के गिरने से चोट, मकान के ढहने से दुर्घटना, थ्रेशर मशीन, कुटि मशीन, आरा मशीन, ग्लाइडर आदि से चोट, बिजली का झटका, डूबना, जलना और रासायनिक द्रव्यों के छिडक़ाव से चोट जैसी दुर्घटनाओं में लाभ प्रदान किया जाएगा। इस योजना में प्रति परिवार प्रति वर्ष अधिकतम 10 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। संयुक्त निदेशक ने बताया कि लाभार्थी एमएडीबीवाई पोर्टल पर स्वयं या ई-मित्र के माध्यम से आसानी से ऑनलाइन दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।

### केंद्रीय पर्यावरण मंत्री यादव ने किया 69वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन

# स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत बनाना ही भारत सरकार का उद्देश्यः पर्यावरण मंत्री

### क्षेत्र के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को ओलंपिक के लिए तैयार करने के लिए करेंगे हर संभव सहायता-मंत्री यादव



**बहरोड़, (सुभाष यादव)।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री और अलवर सांसद भूपेंद्र यादव रविवार को संसदीय क्षेत्र अलवर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रिवाली में आयोजित 69 वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार देश को विकास की नई ऊँचाइयों तक ले जाने का प्रयास कर रही है। स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत बनाना ही सरकार का उद्देश्य है।

यादव ने कोटपूतली-बहरोड़-नीमराना से पनियाला मोड़ तक के क्षेत्र को भविष्य में अपार संभावनाओं वाला बताते हुए कहा कि यहां योजनागत विकास जरूरी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा से यूआईटी अनुमोदन का निवेदन किया गया है, जिसपर आवश्यक रूप से सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए महात्मा गांधी द्वारा हिंदी को देश की संपर्क भाषा बनाने में किए गए योगदान का उल्लेख किया। साथ ही कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने वेदों की पुनर्स्थापना की और सत्यार्थ प्रकाश जैसी महान कृति भी हिंदी में लिखी। देश के अनेक कलाकारों और लेखकों ने हिंदी के विकास को आगे बढ़ाया। पहले हिंदी भाषी मेडिकल और इंजीनियरिंग छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हिंदी माध्यम से मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित होने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि शास्त्रीय भाषा (क्लासिकल लैंग्वेज) वह प्राचीन भाषा होती है, जिसकी साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत गहरी और समृद्ध हो तथा जिसे भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हो। भारत में अब तक तमिल, संस्कृत, तेलुगु सहित कई भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया है। हम सभी को हिंदी सहित सभी भारतीय भाषाओं पर गर्व होना चाहिए।

उन्होंने भिवाड़ी विकास प्राधिकरण के लिए बजट घोषणा हेतु मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। साथ ही बताया कि पहले खिलाडियों के लिए सिंथेटिक दौडऩे का मैदान नहीं था, जिसके लिए 9 करोड़ रुपये की लागत से अलवर के इंदिरा गांधी मैदान में प्रयास किए गए। खेल एवं युवा मंत्रालय से हॉकी के खिलाडियों के लिए मैदान की स्वीकृति भी दिलाई गई है।

अलवर सांसद खेल महोत्सव को लेकर श्री यादव ने कहा कि इसका पंजीकरण शुरू हो चुका है और आयोजन अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में होगा। उन्होंने बताया कि पिछली बार 147 बालिकाओं और 122 बालकों को अलवर में साई के कोच से 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिलवाया गया था। इस बार भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को न केवल साई के कोच से प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा, बल्कि उन्हें साई ले जाकर भी प्रशिक्षण का अवसर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के उत्कृष्ट खिलाडियों को ओलंपिक के लिए तैयार करने के लिए हर संभव सहायता करेंगे।

उन्होंने रिवाली पंचायत से बड़ी लाइब्रेरी बनाने का आग्रह करते हुए आश्वासन दिया कि इसके लिए सांसद निधि से सहयोग दिया जाएगा। साथ ही पेयजल समस्या के समाधान के लिए ईआरसीपी परियोजना की लगातार समीक्षा होने की जानकारी दी। यादव ने कहा कि क्षेत्र की पेयजल समस्या के शीघ्र समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर प्रधान सरोज बस्तीराम, जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष मोहित यादव, नगर परिषद सभापति सीताराम यादव, जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, बलवान सिंह यादव पूर्व जिला अध्यक्ष, पूर्व प्रधान रोहिताश यादव, मंडल अध्यक्ष प्रशांत, यादव देवेंद्र यादव जिला मंत्री, मंडल अध्यक्ष अश्वनी टाइगर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामकला यादव, स्कूल प्रधानाचार्य सरोज यादव सहित अधिकारी एवं प्रतिभागी व आमजन उपस्थित रहे।

## ज़ुबेर खान की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित सद्भावना सभा में श्रद्धांजलि अर्पित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रामगढ़ विधायक जुबेर खान की प्रथम पुण्यतिथि पर रघुवर रिसोर्ट में आयोजित सद्भावना सभा में उनकी याद में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली उपस्थित थे।



दोनों नेताओं ने जुबेर खान को सादगी, भाईचारा और सेवा की मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा जनता की आवाज को मजबूती से उठाया और क्षेत्र के विकास और जनता के हित के लिए संघर्ष किया। उनकी लोकप्रियता और सादगी आज भी लोगों के दिलों में जीवित है। पूर्व विधायक सफिया जुबेर खान और उनके बेटे आर्यन खान को ढांढस बंधाते हुए नेताओं ने कहा कि भले ही जुबेर खान कांग्रेस पार्टी से विधायक रहे, लेकिन उनका प्रयास हमेशा सर्व समाज को साथ लेकर चलने का रहा।

इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें रक्तदान करने वालों का हौसला अफजाई की गई। सभा में जुबेर खान के जीवन काल का भाईचारा और सेवा की मिसाल याद कर उनके आदर्शों को श्रद्धा के साथ स्मरण किया गया।

## 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा, मंडल स्तर पर कार्यशाला

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ (अलवर)।** सेवा पखवाड़ा को लेकर मंडल स्तर की कार्यशाला रविवार को एक निजी संस्थान में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित ने की। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक मनाया जाएगा और सभी कार्यकर्ताओं से 2 अक्टूबर को स्वदेशी भारत के तहत खादी आश्रम से कम से कम एक कपड़ा खरीदने का आग्रह किया गया। कार्यशाला में सेवा पखवाड़ा प्रभारी रामसिंह दिनकर ने बताया कि इस पखवाड़े के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के रूप में बूथ स्तर के कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, संवाद कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाएंगे। पदमा गोयल और एडवोकेट शिवलाल मीणा ने भी सेवा पखवाड़ा पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम संयोजक सुधांशु मिश्रा और सहसंयोजक नवल सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं का उपस्थित होने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक प्रेमनाथ धामानी, मंडल महामंत्री लोकेश रावत, जगदीश सैनी, मंडल उपाध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद शर्मा, रश्मि विजय, पार्षद रूप नारायण मीणा, पार्षद बेनी प्रसाद सैनी, सत्येंद्र सैनी, प्रीति विजय, फूलचंद प्रजापत, महावीर सैन, हुकम परेवा, अजय यादव, शेखर तमोली, मीना खंडेलवाल, प्रभाती लाल कोली, कपूर चंद गुप्ता, महेश सैनी, खेमचंद अल्जेडी, गौरी शंकर, प्रदीप मीणा, मोहनलाल मीणा, किरण शर्मा, मंडल मंत्री गौरव कसेरा, पार्षद अंजू बाला सैनी, घनश्याम मीणा, नंदकिशोर सैनी, बाबूलाल शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अम्बेडकर सर्किल पर नवीन यादव की मौतः दुर्घटना या मर्डर?

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र में अम्बेडकर सर्किल के पास शनिवार देर रात हुई सडक़ दुर्घटना में 35 वर्षीय नवीन यादव पुत्र लालचंद यादव निवासी गूंता की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर रोटी बैंक की निःशुल्क एम्बुलेंस ने शव को उपजिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि नवीन यादव अपनी गाड़ी एक ओर खड़ी करके फोन पर बात कर रहे थे। अचानक आई पिकअप वाहन ने उन्हें कुचल दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना के समय पास खड़े दो बाइकों पर सवार तीन युवाओं ने पूरी घटना देखी। थानाधिकारी सुरेन्द्र मलिक के बाहर होने के कारण प्रत्यक्ष बयान नहीं लिए जा सके। पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर लापरवाही से ड्राइविंग को वजह मानते हुए इसे दुर्घटना बताया, लेकिन स्थानीय चर्चाओं में इसे मर्डर की संभावना भी जताई जा रही है। नवीन यादव अपनी बूढ़ी मां ममता के एकमात्र सहारे थे। उनके पिता लालचंद यादव पहले ही निधन हो चुके थे और पत्नी तीन माह पहले तलाक लेकर चली गई थी। नवीन यादव बायपास रोड पर कार श्रंगार की दुकान चलाते थे।

## इंजीनियर दिवसः इंजीनियर्स को किया गया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने रविवार को प्रताप ऑडिटोरियम, अलवर में इंजीनियर दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग (इंडिया) एवं द अलवर इंजीनियर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 58वें इंजीनियर दिवस के रूप में आयोजित किया गया।



इस अवसर पर इंजीनियरिंग क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले इंजीनियर्स को सम्मानित किया गया और विहान मैगजीन का विमोचन भी किया गया। श्री शर्मा ने कहा कि देश के महान इंजीनियर भारत रत्न एम. विश्वेश्वरैया की जयंती को इंजीनियर दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इंजीनियर्स ने देश की अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में योगदान दिया है और तकनीकी क्रांति के माध्यम से भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाई है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्र के हिन्दी भाषी युवाओं को इंजीनियरिंग और मेडिकल शिक्षा में अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने मेकिंग इंडिया जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से इंजीनियरिंग क्षेत्र में नए अवसर पैदा करने की बात कही।

इस मौके पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान समिट और उद्योगिक उन्नति पर प्रकाश डाला। उन्होंने द अलवर इंजीनियर्स एसोसिएशन के भवन में कौशल विकास हेतु विधायक निधि कोष से 10 लाख रुपये और अशोक लीलेण्ड के ष्टस्क्र फंड से 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत ने कहा कि अलवर इंजीनियर्स एसोसिएशन जिले और प्रदेश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने इंजीनियर दिवस और हिन्दी दिवस की शुभकामनाएँ भी दीं। इस अवसर पर अलवर इंजीनियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पी. के. शर्मा, विंग कमांडर मंगल सिंह, एम. एल. यादव, आर. के. शर्मा, संदीप गुप्ता, अशोक मेठी, पंकज तिवाड़ी, गिरीश भारद्वाज, देशबंधु शर्मा, सुधीर पाण्डेय, रमेश सैनी, भूरी सिंह चौधरी सहित बड़ी संख्या में इंजीनियर्स उपस्थित रहे।

### पंडित सुरेंद्र कुमार शास्त्री करेंगे कथा वाचन

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के मालाखेड़ा गेट स्थित श्रीराम दरबार शीतला माता मंदिर परिसर में रविवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। माता शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र दाधीच ने बताया कि कलश यात्रा माता शीतला मंदिर से प्रारंभ होकर गणेश पोल, चौपड़ बाजार सहित शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई कथा स्थल पर पहुंची।

कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं अपने सर पर कलश धारण कर नाचते-झूमते हुए, गाजेबाजे के साथ कथा स्थल पर पहुंचीं। लायंस क्लब के प्रांतीय सलाहकार खेम सिंह आर्य ने बताया कि कथा वाचक पंडित सुरेंद्र कुमार शास्त्री के मुखारविंद से राजगढ़ वासी श्रीमद्भागवत कथा का आनंद लेंगे।




कलश यात्रा में प्रीक्षित के रूप में प्रदीप शर्मा और उनकी धर्मपत्नी ने श्रीमद्भागवत को अपने सर पर धारण कर यात्रा में भाग लिया। मुख्य अतिथि आदिवासी सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष फौजी अमर चंद मीना ने उपस्थित महिलाओं को भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि इसका श्रवण मात्र ज्ञान, वैराग्य, सुख-समृद्धि प्रदान करता है और संपूर्ण क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

बाग वाली सरकार के महंत सजल अरोड़ा ने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से जन्म-जन्मांतर के विकार नष्ट होते हैं और प्राणी मात्र का लौकिक तथा आध्यात्मिक विकास होता है।

कलश यात्रा और कथा कार्यक्रम में कोतवाल राजेश मीणा, एन.एल. वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, पार्षद रूपनारायण मीना, पार्षद सुनीता प्रजापत, लोकेश रावत, श्याम सुंदर विजय, बृजेंद्र मिश्रा, एडवोकेट योगेश शर्मा, मीना खंडेलवाल, प्रीति विजय, राहुल दीक्षित, अजय यादव, भारत भूषण भट्ट सहित सैकड़ों महिला-पुरुष और श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

### ट्रम्प टैरिफ से भारतीय अर्थव्यवस्था पर होने वाले प्रभावों पर हुई राष्ट्रीय कार्यशाला

# आपदा में अवसर भारत की विशेषता- प्रो.सारस्वत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड़)**। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर लगाये गये ट्रंप टैरिफ के भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव एवं कूटनीतिक विकल्प' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन निजी कॉलेज मे किया गया। सिटीजन काउंसिल फॉर हायर एजुकेशन एवं आईएसटीडी कोटा चेप्टर के संयुक्त तत्वावधान में ' मुख्य अतिथि कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. बी पी सारस्वत, मुख्य वक्ता जामिया मिलीया इस्लामिया विवि, दिल्ली के टूरिज्म एवं हॉस्पिटिलिटी मैनेजमेंट विभाग के हेड प्रो. निमित चौधरी, कार्यशाला संयोजक अर्थशास्त्री डॉ. गोपाल सिंह, संस्थान निदेशक अमित सिंह राठौड़, आईएसटीडी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिता चौहान आदि ने दीप कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

विशेषज्ञ पैनल चर्चा में कोटा विवि के कुलगुरू प्रो. बीपी सारस्वत ने कहा कि भारत के हर क्षेत्र ने आपदा और चुनौतियों के समय नये अवसर निकालकर देश को ओर अधिक मजबूत किया है। भारत के शिक्षित युवा रोजगार मांगने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बने। जिससे विकसित भारत-2047 का सपना सच हो सके।

**उठो, जागो, आगे बढ़ो - प्रो. चौधरीः** मुख्य वक्ता वरिष्ठ शिक्षाविद प्रो. निमित चौधरी ने कहा कि बदलते वैश्विक दौर में हमें हॉलिस्टिक एप्रोच से कूटनीतिक विकल्प ढूंढने होंगे। हमें विवेकानंद के मंत्र 'उठो, जागो, आगे बढ़ो' पर अमल करना होगा। आज दुनिया की 5 टॉप रैंकिंग यूनिवर्सिटी में अमेरिका की एक भी नहीं है। हमें अगले 20 वर्षों के लिये अन्य देशों की ओर देखना होगा।

**वैकल्पिक उपायों पर अमल करे सरकार :** पैनल चर्चा में एस.एस.आई. एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष गोविंद राम मित्तल ने कहा कि दुनिया के 19 देशों से भारत के फ्री ट्रेड संबंध हैं। हम उच्च तकनीक अपनाकर अपने उत्पादों की कीमतें कम करें। भारत सरकार ने जीएसटी रिफॉर्म से जीडीपी में गिरावट को संभाला है। हमारे स्वदेशी उत्पादों के उपभोग से गुणात्मक सुधार आ सकता है। भारत की वैश्विक साख सुरक्षित व सुदृढ़ है।

**ये हुये शामिलः** कार्यशाला में पैनल सदस्य लघु उद्योग काउंसिल के संस्थापक एलसी बाहेती, कोटा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष क्रांति जैन एवं कपडा व्यापार संघ के अध्यक्ष गिरिराज न्याती, कोटा यूनिवर्सिटी में टूरिज्म विभाग की हेड डॉ.अनुकृति शर्मा, गवर्नमेंट कॉलेज कोटा के पूर्व प्राचार्य डॉ. अशोक गुप्ता, शिक्षाविद डॉ. एम एल गुप्ता, डायमंड एंड ज्वैलरी एसोसिएशन के ओम अग्रवाल, कोटा विवि के सोशल साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. के.आर. चौधरी, संस्कार भाविप कोटा के क्षेत्रिय संयोजक किशन पाठक ने उपयोगी सुझाव दिये। संस्थान के निदेशक अमित सिंह राठौड़ ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों से आये प्रिंसिपल व शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। संचालक प्रतीक गुप्ता ने किया। कार्यशाला में उद्योग, व्यापार, शिक्षा, ऑटोमोबाइल्स क्षेत्रों से विशेषज्ञ प्रतिनिधियों, शिक्षाविद, उद्यमियों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।



## ट्रक की टक्कर से बछड़ा घायल, गौसेवकों ने किया प्राथमिक उपचार

*14 घंटे बाद भी इलाज शुरू नहीं होने से नाराज।*

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड़)**। नान्ता इलाके में तेज रफ्तार ट्रक ने गौ वंश को चपेट में ले लिया। हादसे में गाय का बछड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। वही बड़ी संख्या में गौसेवक मौके पर पहुंचे और गाय के बछड़े की सार संभाल की। हादसे के बाद इलाके में गौसेवकों ने आक्रोश जताया। नांता के स्थानीय पशु सेवा केंद्र पर सूचना के बाद केंद्र पर सुविधाएं न होने की बात पर लोग भडक़ गये। तब गौ सेवकों ने ही गाय के बछड़े का प्राथमिक उपचार करवाया। स्थानीय लोगों व गौसेवकों ने ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई करने व मोखापाड़ा स्थित पशु चिकित्सालय में व्यवस्थाओं में सुधार की मांग उठाई, गौसेवकों का कहना है पशु चिकित्सालय में भी गायों की स्थिति खराब है वहां पर भी समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है इसलिए अपने स्तर पर ही गाय के बछड़े का प्राथमिक उपचार करवाया गया है।

*रविवार होने के कारण गंभीर जख्मी पशुओं का ऑपरेशन संभव नहीं है अगले दिन इलाज शुरू हो जाएगा।*

***डॉ भंवर सिंह**, उप निदेशक जिला पशु चिकित्सालय, मोखापाडा।*

## ऑनलाइन ठगी के मामले पर कोटा में पहल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड़)**। ऑनलाइन ठगी व साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों को देखते हुए कोचिंग इलाकों में कोचिंग स्टूडेंट्स को जागरूक किया जा रहा है। कुन्हाडी थाना वृत निरीक्षक अरविंद भार्गव ने बताया कि नदी पार के लैंडमार्क सिटी कोचिंग इलाके में कुन्हाड़ी थाना पुलिस की विशेष टीम कोचिंग स्टूडेंट्स से वन टू वन बात करके ऑनलाइन ठगी व साईबर क्राइम से बचने के लिए जागरुक कर रही है। पुलिस की टीम कोचिंग इलाकों में क्लास क्लास रूम में भी जाकर बच्चों को जागरूक कर साइबर क्राइम व ऑनलाइन ठगी से बचने की अपील कर रही है। कोटा में भी ऑनलाइन ठगी व साईबर क्राइम के मामलो में लगातार इजाफा हो रहा है। कोचिंग स्टूडेंट के साथ भी कई बार ऑनलाइन ठगी पर साइबर क्राइम के मामले सामने आ चुके हैं । ऐसे में पुलिस की टीम में अब कोचिंग इलाके में कोचिंग स्टूडेंट्स को जागरुक कर रही है।

## कनेक्शन के लिए दो दिन का राहत शिविर

बढ़ता राजस्थान

**सुकेत, कोटा (मंगल सिंह)**। सुकेत उपखंड के डीसी पीडीसी उपभोक्ताओं के बिजली बिलों के निस्तारण के लिए दिनांक 15 एवं 16 सितम्बर 2025 को कार्यालय सहायक अभियंता (पवस) जयपुर डिस्कॉम सुकेत में उपभोक्ताओं के लिए दो दिवसीय राहत शिविर लगाया जा रहा है। ऐईएन रणमत सिंह ने बताया कि दिनांक 13.09.25 को राष्ट्रीय लोक अदालत रा. मंडी में कई उपभोक्ता अपने कटे हुए एवं पीडीसी कनेक्शन का निस्तारण नहीं करवा पाए जिसको अंतिम अवसर प्रदान करते हुए कार्यालय सहायक अभियंता (पवस) जयपुर डिस्कॉम सुकेत में दिनांक 15 एवं 16 सित.2025 को दो दिवसीय राहत शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें स्थाई रूप से कटे (डीसी) एवं पीडीसी उपभोक्ता अपने बिजली के बिलों का निस्तारण करवाकर बकाया राशि चुकता कर कानूनी कार्यवाही से बच सकते है। -सहायक अभियंता सुकेत

## निशुल्क ज्योतिष परामार्श शिविर 21 को

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर,(नि.स.)**। चक्र साधना ज्योतिष केंद्र के तत्वाधान में आगामी 21 सितम्बर को उदयपुर में आयोजित किये जाने वाले निशुल्क ज्योतिष परामार्श शिविर के सम्बन्ध में रविवार को उदयपुर के प्रतिष्ठित ज्योतिषियों के बैठक सुहालका भवन में सम्पन्न हुई। चक्र साधना ज्योतिष केंद्र की संस्थापिका डा.विद्या वर्मा एवं निदेशक डा. मनोज सोनी ने बताया कि कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथियों के उद्बोधन से होगा जिसमें मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध बॉलीवुड संगीतज्ञ सनातन देवांग सोनी,डॉ.हेमंत जोशी,पं.हरीश चन्द्र शर्मा,पूर्व उप महापौर पारस सिंघवी एवं साहित्यकार एवं लेखक श्रीकृष्ण जुगनू रहेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक मे ज्योतिषी अनिल शर्मा,आलोक आचार्य,गणेश लाल नागदा,हीरालाल चौधरी,ओम प्रकाश मोटवानी,पं.मुकेश गर्ग,राकेश चन्द्र पुरोहित आदि ने शिविर को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया ।

## गौ शालाओं का तहसीलदार ने किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

चौमहला( आबिद हुसैन)। झालावाड़ जिले की गंगधार तहसील क्षेत्र की गौशालाओं का तहसीलदार गणेश खंगार ने औचक निरीक्षण



किया।जिला कलेक्टर के द्वारा प्राप्त आदेशानुसार गंगधार स्थित श्री गोवर्धन गौशाला ,एवं श्री नंदी गौशाला समिति कुंडला की गौशालाओं का तहसीलदार गंगधार ने निरीक्षण किया।जिसमें विशेषरूप से सफाई व्यवस्था एवं रिकॉर्ड चेक किए जो संतोष प्रद पाये गए।साथ ही पशु चिकित्सक द्वारा गायों के स्वास्थ से सम्बन्धित व्यवस्थाओं को देखा गया।इस दौरान तहसीलदार गणेश खंडार के साथ पशु चिकित्सक ,राजेश मेहता ,गंगधार हल्का पटवारी अशोक यादव ,पशु पालन विभाग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## चित्तौड़ग़ढ़ में माटी कला कामगारों को निःशुल्क विद्युत चलित चाक व मिट्टी गुंथने की मशीनें वितरित



बढ़ता राजस्थान

चित्तौडग़ढ़, (नि.स.)। श्रीयादे माटी कला बोर्ड की ओर से जिले की पांच विधानसभाओं के 83 प्रशिक्षित कुंभकार और दस्तकारों को विद्युत चलित चाक और मिट्टी गुंथने की मशीनें निःशुल्क वितरित की गईं। वितरण कार्यक्रम होटल शिवम फोर्ट व्यू में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि भोलाराम प्रजापत ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार माटी कला के कारीगरों के विकास के लिए तेजी से कार्य कर रही है। आधुनिकतम मशीनों के उपयोग से कामगारों का उत्पादन और आय दोनों बढ़ेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णु प्रजापति ने की। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार और माटी कला बोर्ड द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई मशीनें कामगारों के रोजगार और जीवन स्तर को सुदृढ़ करेंगी। बोर्ड के सीईओ डॉ. राहुलराज ने इसे कारीगरों को आधुनिक तकनीक से लैस करने की महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि विद्युत चालित चाक और मिट्टी गुंथने की मशीन से लागत व मेहनत कम होगी, उत्पादन बढ़ेगा और आय में वृद्धि होगी। कार्यक्रम में शंकर प्रजापत, दिलीप वर्मा, प्रभु प्रजापति, राजकुमार प्रजापत और गोपाल प्रजापत सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की और सरकार का आभार व्यक्त किया।

## रामगंजमंडी रेलवे स्टेशन पर दिव्यांगों से दुर्व्यवहार - बुकिंग क्लर्क के खिलाफ विकलांग सेवा समिति ने डीआरएम को भेजा पत्र

बढ़ता राजस्थान

रामगंज मंडी (प्रमोद राठौर)। रामगंजमंडी रेलवे स्टेशन पर तैनात बुकिंग क्लर्क मोहित चौहान के खिलाफ दिव्यांग यात्रियों से दुर्व्यवहार और रियायती टिकट देने में टालमटोल करने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं इस मामले को गंभीरता से उठाते हुए रामगंजमंडी विकलांग सेवा समिति ने डीआरएम कोटा को लिखित पत्र भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है जिसमें शिकायत करता समिति अध्यक्ष अजय डांगी ने पत्र में उल्लेख किया कि क्लर्क मोहित चौहान दिव्यांग यात्रियों को टिकट जारी करने से बचने के लिए मनमाने बहाने बनाता है जिसमें शिकायत के अनुसार ऑन लाइन पास पर एक्सपायरी डेट साफ होने पर भी टिकट देने से इंकार रियायती कार्ड का नंबर कम्प्यूटर में दर्ज करने की बजाय बहानेबाजी रंगीन फोटो कॉपी स्वीकार न करना और ब्लैक-एंड-व्हाइट की अनिवार्यता थोपना टिकट न देने के कारण लिखित रूप में भी न बताना दिव्यांगों को मिल रही परेशानी समिति का कहना है कि अधिकांश दिव्यांग अशिक्षित और गरीब वर्ग से हैं उनके पास न तो स्मार्टफोन है और न ही डिजिटल ऐप से टिकट बनाने की सुविधा का उपयोग करने की क्षमता ऐसे में वे टिकट विंडो पर निर्भर रहते हैं, जहां बुकिंग क्लर्क की बहानेबाजी उन्हें नाजायज़ रूप से परेशान करती है वहीं विकलांग सेवा समिति ने आरोप लगाया कि क्लर्क का यह व्यवहार न केवल दिव्यांग यात्रियों के साथ अन्याय है बल्कि रेलवे सेवाओं की छवि को भी धूमिल कर रहा है समिति ने मांग की है कि मोहित चौहान को तत्काल बुकिंग ड्यूटी से हटाकर ऐसी जगह नियुक्त किया जाए जहां आमजन से सीधे संपर्क की आवश्यकता न हो ।

वहीं पूरे मामले को लेकर विकलांग सेवा समिति रामगंज मंडी के महासचिव साबिर खान ने टिकट क्लर्क पर दिव्यांगों को जानबूझकर परेशान करने का आरोप लगाया है और इस मामले में मैंने रेलवे के उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया है ।

## धर्मांतरण कानून बिल पारित होने पर हिंदू संगठनों ने मनाई खुशी



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)**। हिंदू जागरण मंच के प्रखंड युवा प्रमुख प्रवीण लाड़ ने बताया आज संगठन एवं सर्व हिंदू समाज द्वारा राजस्थान सरकार द्वारा धर्मांतरण कानून पारित करने पर आज नगर के अंबे माता चौराहा पर जोरदार आतिशबाजी एवं एक दूसरे का मुंह मीठा कर समाज बंधुओ के साथ खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला संपर्क प्रमुख डॉक्टर जगदीश चंद्र शर्मा ने किया कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हिंदू जागरण मंच के प्रखंड संयोजक चेतन सिंह सांखला ने कहा इस कानून से धर्मांतरण करने वाली नकारात्मक एवं देश विरोधी शक्तियों की कमर टूटेगी। और हमारी बहन बेटियां लव जिहाद जैसी घटनाओं से बचेंगी । नगर महिला संयोजिका आशा व्यास ने कहा कानून से जुड़ी विस्तृत जानकारी साजा की और बताया यह कानून समाज की सुरक्षा एवं सामाजिक समरसता की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है। कार्यक्रम में हिंदू जागरण मंच जिला सहसंयोजक मनोज लाड़, जिला आयाम प्रमुख जितेंद्र जैन, नगर संयोजक दिनेश ठाकुर, सहसंयोजक दीपक गंगवाल, पंकज सिंह,सूचना प्रमुख मनोज मेहरा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजकुमार वाधवा, विनीता अग्रवाल पार्षद मनीष गिरी पदमा सोनी, पूर्व पार्षद कानाराम चारण, बालू बंजारा, बाबूलाल नायक, मनीष गुप्ता ,आरडी शर्मा, जगदीश चंद्र शर्मा, महेंद्र चौधरी, प्रेम चौधरी, पंकज गुप्ता, विक्रम गोरे, मिथुन सोलंकी, सहित धार्मिक ,सामाजिक, राजनीतिक एवं सर्व हिंदू समाज के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जैन समाज ने क्षमावाणी पर्व पर दिया 'विश्व मैत्री दिवस' का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)**। सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में रविवार को आरोग्य नगर स्थित जैन जनउपयोगी भवन में भव्य सामूहिक क्षमावाणी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। दोपहर 2 बजे प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लिया।

समाज अध्यक्ष प्रकाश बज ने बताया कि कार्यक्रम में जैनाचार्य, पर्यावरण संरक्षक और तपोभूमि प्रणेता आचार्य श्री 108 प्रज्ञासागर जी महाराज ससंघ तथा प.पू. गणिनी आर्यिका रत्न 105 विभाश्री माताजी सहित 13 पिच्छी का सान्निध्य रहा। इस अवसर पर लगभग छह हजार से अधिक समाजबंधुओं ने करबद्ध होकर एक-दूसरे से क्षमा याचना की।

कोषाध्यक्ष जितेंद्र हरसौरा ने बताया कि कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन तथा अति.पुलिस अधिक्षक प्रवीण जैन सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। आचार्य श्री 108 प्रज्ञासागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि क्षमावीरस्य भूषणम— अर्थात क्षमा वीर को ही शोभा देती है। उन्होंने कहा कि क्षमा करना कमजोरी का नहीं, बल्कि सामर्थ्य और आत्मबल का परिचायक है। जिस प्रकार आभूषण शरीर की शोभा बढ़ाते हैं, उसी प्रकार क्षमा वीर के चरित्र को और अधिक महान बनाती है।

गुरुदेव ने कहा कि उत्तम क्षमा दसलक्षण धर्म का सबसे बड़ा तत्व है। जो व्यक्ति क्षमा का भाव रखता है, उसमें छल, कपट, मान, अभिमान और अहंकार जैसे अवगुण प्रवेश नहीं कर सकते। प्रशस्त करने वाला है।

इस अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज समिति के सरंक्षक राजमल पाटौदी,विमल चंद जैन नान्ता,विनोद टोरडी,अध्यक्ष प्रकाशबज,महामंत्री पदम बडला,कार्याध्यक्ष जितेन्द्र हरसौरा,कार्यध्यक्ष पारस सोगानी,विकास जैन अजमेरा,जेके जैन,मनोज आदिनाथ,नरेश वेद,मनोज अजमेरा, विजय दुगेरिया, पारस जैन,गुरू आस्था परिवार अध्यक्ष लोकेश जैन,शिखर पाटौदी,अनिल ठोरा,उमेश अजमेरा,राजेन्द्र गोधा,रितेश सेठी,गुलाबचंद चुनेवाला आदि जैन समाज के प्रबुद्ध लोग जैन जनउपयोगी भवन में उपस्थित रहे। इससे पूर्व आर के पुरम मंदिर समिति द्वारा मंगलाचरण किया गया। अंत में भगवान श्री जी की शांतिधारा व अभिषेक किया। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि क्षमा का गुण जैन धर्म की विशेषता है, जिससे सभी धर्मों को सीख लेनी चाहिए। विधायक संदीप शर्मा ने जैन सिद्धांतों को मानव मात्र के लिए उपयोगी बताया। राकेश जैन मडिया ने कहा कि सच्ची क्षमावाणी तभी संभव है जब दिल से क्षमा का भाव उत्पन्न हो। समाज अध्यक्ष प्रकाश बज ने कार्यकारिणी और सहयोगी सदस्यों को कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी और कहा कि छह हजार से अधिक लोगों की सहभागिता से यह आयोजन ऐतिहासिक बन गया।

## दिवेर बस स्टैंड पर बाल विवाह व घरेलू हिंसा रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** भीम ब्लॉक की दिवेर पंचायत के बस स्टैंड परिसर में जन विकास संस्था की ओर से जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान संस्था की निदेशक शकुंतला पामेचा के निर्देशन में संचालित सकून परियोजना के तहत आयोजित हुआ। कार्यक्रम में ग्रामीणों को घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर शोषण और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथाओं के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। संस्था की कार्यकर्ताओं ने 'चुप्पी तोड़ो' अभियान के अंतर्गत पोस्टर का विमोचन कर लोगों से अपील की कि वे बाल विवाह और घरेलू हिंसा की घटनाओं को अपराध मानते हुए इसकी सूचना हेल्पलाइन नंबर 9216767784 या 02952-221909 पर दें। जागरूकता के संदेश को व्यापक बनाने के लिए 50 से अधिक वाहनों पर पोस्टर भी चिपकाए गए। वक्ताओं ने कहा कि बालिकाओं की शादी 18 वर्ष से कम उम्र में करना कानूनन अपराध है और इसे रोकना समाज की जिम्मेदारी है। इस मौके पर प्रोजेक्ट ऑफिसर प्रीति शर्मा, मोबिलाइजर सीता रैगर, नीमा राव सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

## पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा संपन्न ,7536 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले में रविवार को आयोजित पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा जिले के 11 केंद्रों पर दो पारियों में आयोजित की गई, जिसमें कुल 7536 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। पहली पारी सुबह 10 से 12 बजे और दूसरी पारी दोपहर 3 से 5 बजे तक आयोजित हुई।

परीक्षा की सुरक्षा व अनुशासन के लिए डीएसपी, पुलिस निरीक्षक सहित 200 से अधिक पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर तैनात किया गया। नोडल अधिकारी महेंद्र कुमार परिहार (एसपी) ने बताया कि अभ्यर्थियों को प्रवेश के लिए एडमिट कार्ड, वैध फोटो आईडी और निर्धारित ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य रहा। प्रत्येक पारी में 3768 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई।

परीक्षा केंद्रों पर डीएसपी और पुलिस निरीक्षक को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया, जबकि प्रवेश द्वारों पर उप निरीक्षक, महिला कांस्टेबल व अन्य पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी पर लगे अधिकारियों को भी मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं दी गई।

एसपी रजत विश्नोई के नेतृत्व में तहसीलदारों की सतर्कता टीमें और डीएसपी की मोबाइल पार्टियां लगातार निगरानी करती रहीं। अभ्यर्थियों को पहली पारी के लिए सुबह 8 से 9.30 बजे और दूसरी पारी के लिए दोपहर 1 से 2.30 बजे तक केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य था। परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले प्रवेश द्वार बंद कर दिए गए।

### नाथद्वारा में नगर पालिका की बड़ी कार्रवाई

## भाटिया टावर का अवैध निर्माण सीज



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** नाथद्वारा नगर पालिका ने रविवार को बस स्टैंड स्थित भाटिया टावर पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध व्यावसायिक निर्माण को सीज कर दिया। पालिका की टीम ने पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में टावर में बने दुकानों, ऑफिस और म्यूजियम से सामान बाहर निकलवाया और सभी प्रतिष्ठानों पर सीज नोटिस चस्पा किए। जानकारी के अनुसार टावर मालिक ने आवासीय स्वीकृति पर व्यवसायिक निर्माण कर लिया था। पालिका द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन जवाब नहीं देने पर यह कार्रवाई की गई। पालिका आयुक्त सौरभ जिंदल ने स्पष्ट किया कि ऐसे अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाएगा और नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बस स्टैंड पर हुई इस कार्रवाई से पूरे कस्बे में हडक़ंप मच गया और जमीन कारोबार से जुड़े कई लोग मौके पर पहुंच गए।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर(राजू शर्मा)।** कौलारी थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है, जिसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। पीडि़ता के परिजनों ने 12 सितम्बर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि आरोपी ने बाजरे के खेत में उनकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। मामला गंभीर होने पर पुलिस ने तुरंत विशेष टीम का गठन किया और आरोपी की तलाश शुरू की, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी पहले भी इसी तरह के अपराध में जेल जा चुका है। करीब एक साल पहले भी उसने एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया था, जिसमें वह वर्तमान में जमानत पर बाहर था।

## पांच दिवसीय सामवेद यज्ञ का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी(राजू शर्मा)।** शहर के पुराना बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर में 11 सितंबर से 15 सितंबर तक स्वामी शरणानंद के ब्रह्मत्व में पांच दिवसीय सामवेद यज्ञ का सुंदर आयोजन किया जा रहा है। जिसमे आर्य समाज से जुड़े श्रद्धालु भाग ले रहे है। सुबह और शाम आर्य समाज के प्रबुद्ध पुरुषों एवं महिलाओं की उपस्थिति में यज्ञ,भजन एवं प्रवचनों का सारगर्भित वेदों के अनुसार ईश्वर की महिमा का स्वामी की ओज वाणी में व्याख्यान किया जा रहा है। कार्यक्रम का समापन 15 सितंबर सोमवार को पूर्णाहुति यज्ञ के साथ किया जाएगा।

### भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न

# सीनियर वर्ग में देवांश-वैभव और जूनियर वर्ग में यश-सत्यम रहे प्रथम

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा द्वारा आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता के प्रथम चरण की शाखा स्तरीय प्रश्न मंच (क्विज) प्रतियोगिता रविवार को कस्बे के आर्य महिला विद्यापीठ में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में प्रेम पब्लिक स्कूल के यश व सत्यम तथा सीनियर वर्ग में आदर्श विद्या मंदिर के देवांश व वैभव की टीमों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शाखा अध्यक्ष मनीष मित्तल और प्रतियोगिता प्रभारी अरविन्द बंसल ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन शाखा संरक्षक देवकीनंदन सोनी व शेरसिंह सैनी के मार्गदर्शन में हुआ। शुभारंभ विद्यालय सोसायटी पदाधिकारियों व शाखा दायित्वधारियों ने भारत माता व स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन कर व 'वंदे मातरम्' गान के साथ किया।

प्रतियोगिता में कस्बे के दोनों राजकीय विद्यालयों सहित प्रेम पब्लिक स्कूल, इंदिरा पब्लिक स्कूल, मॉडर्न जगदम्बा स्कूल, कन्या गुरुकुल, दीवान पब्लिक स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर, आर्य महिला विद्यापीठ, गांधी ज्योति स्कूल, मां ज्योति, चेतन विद्या मंदिर, सुलभ स्कूल, आरडीपीएस, जी.एल. स्कूल व बांके बिहारी स्कूल की कुल 26 टीमों (जूनियर में 14 व सीनियर में 12) के 52 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

शाखा सचिव डा. विजय पहाडिया ने बताया कि प्रतियोगिता में भारत से संबंधित सामान्य ज्ञान के ''पास राउंड, चॉइस राउंड, करेंट जीके राउंड, फोटो राउंड और रैपिड राउंड'' जैसे पांच चरण कराए गए। जूनियर वर्ग में प्रेम पब्लिक स्कूल की टीम प्रथम व राजकीय बालिका विद्यालय की टीम द्वितीय रही, जबकि सीनियर वर्ग में आदर्श विद्या मंदिर की टीम प्रथम व जी.बी. स्कूल की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और विद्यालयों को राष्ट्रगान कैलेंडर भेंट किए गए। साथ ही प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए गए। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीमें अब भुसावर शाखा का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रांतीय स्तर पर भाग लेंगी।

इस अवसर पर प्रमोद बंसल, बृजेश जिंदल, अमित सिंघल, श्याम शर्मा, स्मिता मित्तल, बीना गोयल, अनिता सिंघल, दिलीप सिंघल, ताराचंद गोयल, विजय सिंघल, चंद्रप्रकाश आर्य, कृष्ण शर्मा, पवन अग्रवाल, प्रकाश जैमन, नवीन मित्तल, लता मित्तल, निशांक सोनी, हेमन्त पाण्डेय, मीना मित्तल सहित विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे।

### सलेमपुर खुर्द में शिक्षा सेवा संस्थान की बैठक

## निःशुल्क लाइब्रेरी व जरूरतमंद बच्चों की सहायता का निर्णय



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** निकटवर्ती ग्राम सलेमपुर खुर्द स्थित शिक्षा सेवा संस्थान की बैठक रविवार को राधा कृष्ण मंदिर परिसर में वयोवृद्ध हरदेव कटारिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संस्थान के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों पर विस्तार से विचार-विमर्श करते हुए सुझाव प्रस्तुत किए। अध्यक्ष चंद्रशेखर मीना, मोहन मीना और बलराम जांगिड़ ने बताया कि संस्थान की ओर से गांव में एक निःशुल्क लाइब्रेरी शुरू की जाएगी, जिससे बच्चों को पढ़ाई के लिए खेड़ली मोड़ तक नहीं जाना पड़ेगा और गांव में ही ई-पुस्तकालय की सुविधा मिल सकेगी। संस्थान का शीघ्र ही रजिस्ट्रेशन भी कराया जाएगा, जिससे सहयोग करने वाले सरकारी कर्मचारी या करदाता को कर में छूट का लाभ मिल सके। संस्थान की योजना आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली बच्चों को शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देने की है। इसके लिए लाभार्थियों का चयन तय दायरे के अनुसार किया जाएगा। सदस्यों ने बताया कि संस्था ऐसे अनाथ बच्चों को भी गोद लेगी, जिनके पिता का देहांत हो चुका है, ताकि उन्हें आर्थिक मदद देकर पढ़ाई जारी रखने में सहयोग किया जा सके। बैठक में नीरज मीना पुत्र रामनिवास मीना, मामतेश व काजल पुत्री कल्याण सैन सहित कई जरूरतमंद बच्चों की आर्थिक मदद पर भी चर्चा हुई। बैठक में संस्थान को अधिक सक्रिय बनाने, उसके विकास और भविष्य की योजनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ।

## ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह में पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए विशेष दुआ

### अंजुमन सैयदजादगान ने पंजाब मुख्यमंत्री सहायता कोष में 5 लाख देने की घोषणा की

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (नि.स.)।** पंजाब समेत देशभर में हाल में हुई भारी बरसात और बाढ़ से उत्पन्न हालात को लेकर शनिवार को दरगाह शरीफ में विशेष दुआ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अंजुमन सैयदजादगान की ओर से आहता-ए-नूर में नमाज-ए-जौहर के बाद आयोजित हुआ। इस मौके पर अंजुमन अध्यक्ष सैयद गुलाम किबरिया दस्तगीर ने मुल्क और बाढ़ पीडि़तों के लिए सामूहिक दुआ करवाई। दुआ के बाद अंजुमन के सदस्य सैयद असलम हुसैन ने बताया कि संस्था ने पंजाब के बाढ़ पीडि़तों की सहायता हेतु पंजाब मुख्यमंत्री सहायता कोष में 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम के दौरान अंजुमन उपाध्यक्ष सैयद मोहम्मद हसन हाशमी, सदस्य सैयद मुनव्वर चिश्ती, हाजी सैयद एहतेशाम अहमद चिश्ती, सैयद जियाउद्दीन चिश्ती, सैयद ताहिर चिश्ती, सैयद ज़मीर मकबूली, सैयद मेहराज मियां चिश्ती, सैयद कुतुबुद्दीन चिश्ती, सैयद अबूतालिब चिश्ती, सैयद मुसब्बिर हुसैन, सैयद आतिफ किबरिया, सैयद हदीस बालीवाला, सैयद रेहान मोईनी, सैयद शामिक चिश्ती, सैयद सोहेल चिश्ती, सैयद अमीन जमाली, सैयद उज़ैफ मिस्टर सहित बड़ी संख्या में खुद्दाम-ए-ख्वाजा उपस्थित रहे।

## महबूब दीवान चोपदार को नई जिम्मेदारी पर बधाई

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (नि.स.) ।** राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (आरपीसीसी) अल्पसंख्यक विभाग के नव-नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष महबूब दीवान चोपदार को नई जिम्मेदारी मिलने पर आरपीसीसी अल्पसंख्यक विभाग के निवर्तमान प्रदेश महासचिव एस एम अकबर के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने मुलाकात कर बधाई दी।

इस अवसर पर चोपदार को माला, साफा और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा अजमेर शरीफ दरगाह के सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (गरीब नवाज) की तस्वीर भेंट की गई।

चोपदार ने कहा कि वे अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं के समाधान और पार्टी में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि वे प्रदेश के सभी 25 लोकसभा और 200 विधानसभा क्षेत्रों में जाकर अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

इस मुलाकात में विभाग की गतिविधियों, संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनावी रणनीति पर भी चर्चा हुई। अकबर ने विश्वास जताया कि चोपदार के नेतृत्व में अल्पसंख्यक विभाग नई ऊंचाइयों को छुएगा।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव नवनीत सिंह, एडवोकेट मोहम्मद युनुस, नफीस आफरीदी, और आसिम रहमान भी मौजूद रहे।

### स्वर्ण काया योग क्लब का भव्य उद्घाटन

## समाजसेवी डॉ. आलोक शर्मा ने रिबन काटकर किया शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय) ।** शहर में स्वास्थ्य, योग एवं प्राकृतिक जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वर्ण काया योग क्लब का भव्य उद्घाटन रविवार को समाजसेवी डॉ. आलोक शर्मा के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. कुलदीप शर्मा उपस्थित रहे।

उद्घाटन समारोह में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सलाहकार डॉ. अविनाश सोनी ने बताया कि क्लब में लोगों को योग की एडवांस तकनीकें सिखाई जाएंगी, जो हर उम्र वर्ग के लिए लाभकारी होंगी। यहाँ एडवांस योगा, अष्टांग योग, हठ योग, मेडिटेशन, साधना, जुंबा क्लास के साथ-साथ डांस क्लास भी संचालित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों से आमजन में योग के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ेगी। समारोह का वातावरण उस समय विशेष बन गया जब कीर्ति ने अपने माथे पर जलता हुआ दीप रखकर अनूठा दीप योग प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त जेसी चौधरी द्वारा प्रस्तुत जुंबा डांस ने उपस्थित लोगों को उत्साह से भर दिया।

## पुलिस ने 2 घंटे में पिकअप चोरी का किया खुलासा,दोनों आरोपी वाहन सहित गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** खेड़ली मोड़ थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर चोरी हुई पिकअप को महज दो घंटे में बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

थाना अधिकारी बलराम यादव ने बताया कि 13 सितंबर 2025 की शाम दामोदर पुत्र रामसहाय जाति प्रजापत निवासी सौखर (थाना खेड़ली, जिला अलवर) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम 5 बजे वे अपनी पिकअप (नंबर क्रछ्व 02 त्रष्ट 3543) से खेड़ली मोड़ पर कुल्ली उतारकर दुकान में रख रहे थे। तभी अज्ञात चोर पिकअप को मौके से चुरा ले गए। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम गठित की और मात्र दो घंटे में आरोपियों विष्णु कुमार पुत्र पूरनसिंह (22) तथा राहुल पुत्र बनेसिंह (29) — दोनों जाति जाट, निवासी बाछरैन, थाना खेड़ली मोड़ — को गिरफ्तार कर चोरी गई पिकअप को बरामद कर लिया। पुलिस टीम में थाना अधिकारी बलराम यादव, हेड कांस्टेबल भूरी सिंह मीणा, हेड कांस्टेबल योगराज, कांस्टेबल अनित कुमार और राजकुमार शामिल रहे।

### 69वीं 17 व 19 वर्षीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

# खिलाडि़यों ने जोश और उमंग के साथ दिखाया दमखम

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर(राजू शर्मा)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के खेल मैदान पर रविवार को आयोजित 69वीं 17 व 19 वर्षीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे चरण का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विष्णु शर्मा (सरपंच) एवं विशिष्ट अतिथि विजेंदर सिंह कोली (उप जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा खेलकूद) की उपस्थिति में हुआ।

समारोह में अतिथियों ने खिलाडि़यों को खेल की भावना से खेलने की शपथ दिलाई। प्रतियोगिता के संयोजक व सहसंयोजक राजेन्द्र राना तथा प्रधानाचार्य ने अतिथियों व भामाशाहों का फूलमालाओं व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत-सम्मान किया। विष्णु शर्मा ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक व मानसिक विकास करते हैं, बल्कि खिलाडि़यों को अनुशासन भी सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि अनुशासन ही खिलाड़ी की पहली कड़ी होती है। विजेंदर सिंह कोली ने कहा कि खेल को सच्चाई और खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। प्रतिस्पर्धा जरूरी है, परंतु धैर्य, अनुशासन और संयम के साथ खेले गए खेल का परिणाम सुखदायी होता है। उन्होंने कहा कि देश की बेटियों और बेटों ने खेल जगत में भारत का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता की संयोजक सुनीता गोगना ने बताया कि तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में खिलाडि़यों के लिए भोजन, पानी और मेडिकल सुविधा की बेहतरीन व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर खिलाडि़यों को प्रेरित करने हेतु चौबसिंह, देवेन्द्र बघेला (प्रधानाचार्य), भगवान सिंह (समाजसेवी), हरिसिंह गुर्जर (जिला अध्यक्ष, पंचायती राज शिक्षक संघ), नरेंद्र शर्मा, चन्द्रभान चौधरी, परमजीत सिंह ने भी संबोधित किया। मुख्य निर्णायक कप्तान सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में कबड्डी, तीरंदाजी, बसु, साइक्लिंग, शतरंज आदि खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 17 वर्षीय वर्ग में 52 टीम और 19 वर्षीय वर्ग में 47 टीमों के कुल 641 खिलाडि़यों ने भाग लिया है। स्थानीय विद्यालय के शारीरिक शिक्षक राजेन्द्र राना ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल मिश्रा ने किया।

इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा, हरिमोहन शर्मा, मनोज शर्मा, राकेश परमार, दीपक शर्मा, भुवनेश्वर शर्मा, राजेश कुमार, सुरेन्द्र इनानिया, गरीवारम, अशोक शर्मा, शिवकुमार, नीरेंद्र कुमार, नेहा सिंह, ममता चौधरी, कमल कुमार, यश कुलश्रेष्ठ, नरेंद्र राजपूत, विमल शर्मा, अजय बघेला, रवीमोहन शर्मा, तृप्ता राना, त्रिलोक सिंह, वर्षा राना सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## अंशुल-शगुन रानीवाला की तपस्या उपलक्ष्य में विशेष जीवदया कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर विद्यासागर युवा संगठन व नेमीनाथ भक्त मंडल की प्रेरणा से रानीवाला परिवार द्वारा अंशुल रानीवाला व शगुन रानीवाला के 10 उपवास की तपस्या के उपलक्ष्य में विशेष जीवदया कार्यक्रम आयोजित किया गया सतपुलिया स्थित तिजारती गोशाला में गौमाता को चारा खिलाकर पुण्य कार्य किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी, दिगंबर जैन समाज के सदस्य व गणमान्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

संगठन अध्यक्ष कमल जैन, मंत्री कल्पेश जैन, संगठन मंत्री अमित गोधा सहित अनेक पदाधिकारियों ने गौसेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। गोशाला प्रबंधन ने रानीवाला परिवार व संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 69वीं जिला स्तरीय छात्र-छात्रा फुटबॉल व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** उपखण्ड मुख्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय कॉलोनी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में रविवार को 14 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं की 69वीं जिला स्तरीय फुटबॉल एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक नवलखा थे, जबकि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अरविंद मूंदड़ा ने अध्यक्षता संभाली। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, सहायक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शशिकुमार उपाध्याय सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की गई। विद्यालय संस्था प्रधान नाथूलाल कदमालिया ने स्वागत उद्बोधन में प्रतियोगिता का परिचय देते हुए बताया कि जिले भर के विभिन्न विद्यालयों से फुटबॉल की 36 और टेबल टेनिस की 11 टीमें इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। उन्होंने सहयोग देने वाले भामाशाहों का आभार व्यक्त

## ऑल इंडिया मोटर व्यवसाय संगठन बूंदी इकाई के चुनाव संपन्नः राजेश अध्यक्ष,इकरामुद्दीन सचिव बने



बढ़ता राजस्थान

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** ऑल इंडिया मोटर व्यवसाय संगठन ) की बूंदी इकाई के चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए। कुल 338 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें से राजेश अरोड़ा (राजू भाई नवरंग) ने 45 वोटों के अंतर से जीत दर्ज कर अध्यक्ष पद संभाला।

अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार राजेश अरोड़ा, महावीर प्रसाद और जगदीश प्रसाद मैदान में थे। कड़ी टक्कर के बाद, अरोड़ा ने अपने प्रतिद्वंदियों को पीछे छोड़ते हुए भारी मतों से जीत दर्ज की। वहीं सचिव पद पर भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इस पद के लिए दो उम्मीदवारों के बीच सीधे मुकाबले में इकरामुद्दीन ने मात्र एक वोट से जीत हासिल कर सचिव पद अपने नाम किया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष और सचिव ने संगठन के सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वे सभी के सहयोग से संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे तथा मोटर व्यवसाय से जुड़े सभी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे।

चुनाव परिणाम आने के बाद संगठन के सदस्यों और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया।

## 10 वर्षीय अरुण पांचाल की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग सख्त, 11 झोलाछाप क्लीनिक सील



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिले के तालेड़ा उपखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग ने झोलाछाप डॉक्टरों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 अवैध क्लीनिकों को सील कर दिया। यह कार्रवाई 10 वर्षीय अरुण पांचाल की मौत के बाद की गई, जिसकी मौत कथित रूप से एक झोलाछाप डॉक्टर द्वारा गलत इंजेक्शन लगाए जाने से हो गई थी। घटना के बाद जिला प्रशासन और चिकित्सा विभाग हरकत में आ गया। अक्षय गोदारा (जिला कलेक्टर) के निर्देश पर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ओ.पी. सामर के नेतृत्व में यह विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई से जिलेभर में अवैध रूप से प्रैक्टिस कर रहे झोलाछाप डॉक्टरों में हडकंप मच गया है।

राज्य स्तर से मिले निर्देशों के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें जिले के पांचों ब्लॉकों में ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (बीसीएमओ) के साथ मिलकर छापेमारी पर निकलीं। देइखेड़ा में एक मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहे अवैध क्लीनिक की गहन जांच की गई। जांच के दौरान कई स्थानों पर बिना पंजीकरण इलाज कर रहे लोगों को नोटिस भी जारी किए गए।

# 'हिंदी हमारे खून में, हिंदी हमारे जुनून में' - कवि गोष्ठी में गूंजे स्वर

## नफरत की आग खून से बुझाऊंगा - राही की पंक्तियों ने बांधा समां

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** अखिल भारतीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था कला मंदिर भोपाल की राजस्थान शाखा एवं बज्मे-गनी के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस पर बज्मे-गनी अध्यक्ष अब्दुल जब्बार खिलजी के निवास पर भव्य कवि गोष्ठी का आयोजन हुआ इस अवसर पर सोजत से पधारे अतिथि कवि अब्दुल समद राही ने अपनी ओजस्वी पंक्तियों जलने न दूंगा चमन को अपने लिफाक (भीतरी बैर) से, नफरत की आग खून से अपने बुझाऊंगा सुनाकर गोष्ठी को ऊँचाइयों तक पहुँचाया और श्रोताओं की तालियों की गडग़ड़ाहट प्राप्त की।कार्यक्रम के दौरान हिंदी के प्राध्यापक ओमप्रकाश स्वर्णकार (सेंदड़ा) की पुस्तक पैंसठ के बाद का लोकार्पण हुआ। उन्होंने कहा - जब मनचाहा मिल जाता है तो आदमी गतिहीन हो जाता है।कला मंदिर भोपाल के राजस्थान संयोजक गणपत सिंह मुग्धेश ने गोष्ठी का संचालन करते हुए कहा - हमारे खून में हिंदी है, हमारे जुनून में हिंदी है।विशिष्ट अतिथि रामप्रसाद कुमावत ने अपनी रचना बंजारा मन जब लिखे, बैरागन की पीर; कागज रांझा बन गया, कलम बन गई हीर से समां बाँधा।



नारायण सिंह पंवार ने जीवन मूल्यों पर आधारित काव्य प्रस्तुत किया - खेलो कूदो खूब जगत में, पढऩा चाहिए।भीकम भयंकर ने ओजस्वी पंक्तियों जिन्हें ना मान का है ध्यान और नहीं अपमान का है ध्यान से श्रोताओं को प्रभावित किया।कृष्ण मुरारी व्यास ने सामाजिक विडंबनाओं पर प्रहार करते हुए कहा - बदमाशों की दुनिया में इंसान ढूंढ रहे हैं।अमित चौहान ने भावनात्मक रचना प्रस्तुत की - अगर इंसान इंसान को समझ पाता परमेश्वर सिंह ने हास्य-व्यंग्य के रंग में हंस के गुण का बखान किया। छगाराम सिंगारिया ने शिक्षा पर विचार रखे - संविधान के बिना शिक्षा अधूरी है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अब्दुल जब्बार खिलजी ने कहा - अनेक बोलियां एवं भाषाओं को मिलाकर हिंदी समन्वय की भाषा बनी है। इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा मिलना चाहिए। यह समृद्ध भाषा है और हमें गर्व होना चाहिए।उक्त गोष्ठी देर शाम तक चली और श्रोताओं ने काव्य रस का आनंद उठाते हुए भरपूर तालियाँ बजाईं। इस अवसर पर तेज सिंह रावत, गुलजार राही, गुलाम सरवर, ताराचंद वर्मा, घीसू लाल नवाल, मिश्री काठात, इखलाक हुसैन सहित अनेक साहित्यप्रेमी व श्रोता उपस्थित रहे।

# नेपाल में फंसे बूंदी निवासी दंपति सहित सभी सात लोग सुरक्षित लौटे

## परिजनों ने ली राहत की सांस

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** नेपाल में हाल ही में भडक़ी हिंसक और अराजक गतिविधियों के बीच फंसे बूंदी निवासी दंपति हेमराज सोनी और उनकी धर्मपत्नी सुरेश सोनी सहित सातों लोग सुरक्षित रूप से जयनगर स्थित भारतीय सीमा में पहुंच गए हैं। सभी यात्री पोखरा से जनकपुर होते हुए रविवार को भारतीय सीमा में दाखिल हुए, जिससे बूंदी स्थित उनके परिवारजन ने राहत की सांस ली है।



यह सातों लोग देवपुरा (बूंदी) निवासी सोनी परिवार के सदस्य हैं, जो धार्मिक यात्रा के लिए नेपाल गए थे। इस बीच वहां सत्ता विरोधी हिंसक उपद्रव शुरू हो गया और ये सभी पोखरा में फंस गए। स्थिति बिगडऩे पर दंपति के पुत्र लोकेश सोनी ने अपने माता-पिता और अन्य परिजनों को सुरक्षित निकालने के लिए राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक व कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा से मदद मांगी। शर्मा ने पूरा घटनाक्रम विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास, नेपाल को अवगत कराया। तत्पश्चात भारतीय दूतावास ने पोखरा में फंसे यात्रियों से संपर्क स्थापित कर उन्हें सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया शुरू की।

### परिजनों की चिंता अब खत्म

लोकेश सोनी ने बताया कि उनके माता-पिता, मौसी-मौसा सहित कुल सात परिजन नेपाल में हिंसक उपद्रव के चलते कई दिन से पोखरा में फंसे हुए थे। इस दौरान बूंदी स्थित पूरा परिवार गहरी चिंता में था और कोई भी चैन से सो नहीं पा रहा था। अब सभी के भारतीय सीमा में सुरक्षित पहुंचने से परिवार में खुशी और राहत का माहौल है।

### रास्ते में नेपाल की सेना ने दी सुरक्षा

पोखरा से जनकपुर तक की यात्रा के दौरान कई स्थानों पर नेपाल सेना ने सुरक्षा मोर्चा संभालते हुए भारतीय यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की। उपद्रव के बाद बसों पर पथराव की घटनाओं के मद्देनजर नेपाल सेना लगातार मार्ग का निरीक्षण कर रही है और सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद ही भारतीय नागरिकों को आगे जाने दे रही है। मंगलवार तक बूंदी लौटने की संभावना लोकेश सोनी ने बताया कि सभी सातों सदस्य जययनगर रेलवे स्टेशन से रविवार को पटना के लिए रवाना हो गए हैं। वहां से वे मंगलवार तक बूंदी पहुंच जाएंगे।

## हिंदी दिवस पर लायंस क्लब कपासन ने आयोजित की कई प्रतियोगिताएं



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में लायंस क्लब कपासन के तत्वावधान में उपखंड क्षेत्र कपासन के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हथियाना में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता में 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसका विषय 'मोबाइल हमारे जीवन में वरदान है या अभिशाप' रहा।

इसी क्रम में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों हेतु सुंदर श्रुतिलेख प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 30 बच्चों ने भाग लिया।र वहीं, कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी शुद्ध उच्चारण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 20 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत लायंस क्लब की ओर से प्राथमिक शाला के 15 विद्यार्थियों को आवश्यक पाठ्य सामग्री — पेन, पेंसिल, कॉपी एवं पानी की बोतल — वितरित की गई। इस दौरान लायंस क्लब कपासन की अध्यक्ष मधु कोठारी, सचिव मंजुला सोमानी, उपाध्यक्ष संजू न्याति, नवीन कमल न्याति, राकेश सोमानी, यशवंत जागेटिया, उपप्रधानाचार्य गोविंद समदानी सहित विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## झोलाछाप क्लिनिकों पर कार्रवाईः 2 सीज, कई संचालक फरार

बढ़ता राजस्थान

**जजावर (पदम शाह)।** बूंदी जिले के तालेड़ा क्षेत्र में एक झोलाछाप द्वारा उपचार के बाद शुक्रवार को हुई बालक मौत के मामले के बाद जिला चिकित्सा विभाग हरकत में आ गया है। जिला कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूरे जिले में संचालित वैध-अवैध क्लिनिकों की जांच शुरू कर दी है। इस क्रम में जजावर सीएचसी की टीम ने जजावर क्षेत्र के जजावर, सीसोला, बाछोला और खोडी गांवों में औचक निरीक्षण किया। टीम ने क्लिनिक संचालकों से दस्तावेज उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, लेकिन कई झोलाछाप भय के कारण निरीक्षण से पहले ही दुकानें बंद कर फरार हो गए। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी और टीम प्रमुख डॉ. संजय मीणा ने बताया कि बाछोला और जजावर में दो क्लिनिक संचालक अपने दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके चलते इन क्लिनिकों को सीज कर संचालकों को पाबंद किया गया। वहीं, खोडी और जजावर में तीन अन्य क्लिनिक संचालकों को अपने दस्तावेज जमा कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

डॉ. मीणा ने बताया कि टीम का आकस्मिक निरीक्षण लगातार जारी रहेगा ताकि लोगों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ न हो और अवैध चिकित्सा गतिविधियों पर रोक लगे।

## अग्रसेन जयंती महोत्सव: 151 यूनिट रक्त संग्रहित

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर अग्रवाल समाज द्वारा मनाए जा रहे 14 दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव के चौथे दिन की शुरुआत रक्तदान शिविर से हुई। इस अवसर पर 151 यूनिट रक्तदान किया गया। प्रचार मंत्री चिंटू गर्ग ने बताया कि महोत्सव का विधिवत शुभारंभ समाज अध्यक्ष अमित बंसल व जयंती संयोजक पवन रायपुरिया ने अग्रसेन भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।



रक्तदान शिविर का आयोजन समाज मंत्री निखिल जिंदल, उपाध्यक्ष श्रवण बंसल, कोषाध्यक्ष मुकेश गर्ग, सह-संयोजक अजय गोयल, भरत गर्ग, विशाल मित्तल व कमल सर्राफ की देखरेख में हुआ। युवाओं व महिलाओं ने बढ़-चढक़र भाग लेते हुए मानव सेवा का संकल्प निभाया सांयकालीन कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। इस दौरान किशोरीलाल भंवरलाल बारदाना वाले परिवार का स्वागत किया गया। नीमच से आए अग्रवाल समाज अध्यक्ष कमल गर्ग ने आगामी 27 दिसम्बर 2025 को होने वाले अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन की जानकारी दी तथा समाज के अविवाहित युवक-युवतियों को इसमें भाग लेने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम में अग्रवाल फतेहपुरिया पंचायत अध्यक्ष निर्मल बंसल, मारवाड़ी पंचायत अध्यक्ष रमेश बंसल, सलेमाबादी पंचायत अध्यक्ष आर.सी. गोयल, मधोपुरिया पंचायत अध्यक्ष नितेश गोयल सहित विभिन्न पंचायतों के पदाधिकारी एवं सीएमएचओ संजय सिंह गहलोत, डॉ. मुकेश भागवत, डॉ. संदीप सिंह, दिनेश सिंहल, आयशा बेनजीर, पुष्पेंद्र चौधरी, सीए निखिल जिंदल, चंद्रेश (चिंटू गर्ग)तथा अनेक समाजसेवी, चिकित्सक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे महिला मंडल की ओर से रेनू गर्ग, सीमा गुप्ता, सीमा बंसल, ललिता जालान, आशा गर्ग, नमिता जालान, रेनुका बंसल, स्वाति सिंघल, शालिनी गर्ग, गुंजन बुधिया, निशा गर्ग, अंतिमा सिंघल सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। रविवार को एग्र फन फेयर का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों व युवाओं के लिए अनेक मनोरंजक कार्यक्रम में शामिल हुए।

आरसीएम मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ छाबड़ा ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी

# आरसीएम की 100 दिवसीय 'रूपांतरण यात्रा' का शुभारंभ 16 सितंबर से

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** देश की अग्रणी डायरेक्ट सेलिंग कंपनी आरसीएम अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 16 सितंबर से 100 दिवसीय राष्ट्रव्यापी 'रूपांतरण यात्रा' का शुभारंभ कर रही है। कंपनी का लक्ष्य है कि हर भारतीय स्वस्थ, आत्मनिर्भर और मूल्य आधारित जीवन जी सके। यह बात आरसीएम के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ छाबड़ा ने रविवार को कुमुद विहार में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

छाबड़ा ने बताया कि यह यात्रा केवल 25 वर्षों की उपलब्धियों का उत्सव नहीं है, बल्कि आने वाले भविष्य का रोडमैप भी है। 16 सितंबर को सुबह 08.30 बजे आदित्य विहार, तेरापंथ नगर, भीलवाड़ा से आरंभ होकर यह यात्रा देश के विभिन्न कोनों में 17 हजार किलोमीटर का सफर तय करेगी और अंत में पुणे व भीलवाड़ा में संपन्न होगी।




यात्रा के लिए कंपनी ने विशेष रूप से सजाया गया रथ तैयार किया है, जिसे आकर्षक नीले रंग, मोर की आकृतियों, सुनहरी नक्काशी और भारत के मानचित्र से सजाया गया है। इस रथ के माध्यम से कंपनी अपनी उपलब्धियों का प्रतीक प्रस्तुत करेगी और आने वाले भविष्य की राह दिखाएगी। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा रथ का पूजन करेंगे और नारियल फोडक़र कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। आरसीएम की समाज सेवा की प्रतिबद्धता के तहत इस आयोजन में रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। इसके अलावा, यात्रा के दौरान पूरे देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने वाले सेमिनार, महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रम, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान और संस्कार आधारित जीवनशैली से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी प्रकाश छाबड़ा, एचआर हेड मुकेश प्रताप सिंह और महाप्रबंधक राजेंद्र भाटी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह यात्रा कंपनी के 25 वर्षों के अनुभव, मूल्यों और सामाजिक प्रतिबद्धताओं को हर भारतीय परिवार तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर शहरी सेवा शिविरों में आमजन को मिलेगी बड़ी राहत, बकाया लीज राशि एकमुश्त जमा करने पर ब्याज में मिलेगी 100 प्रतिशत छूट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर**। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक प्रदेशभर में आयोजित होने वाले शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण भी किया जाएगा। इसी क्रम में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग ने इन शिविरों के माध्यम से आमजन को विभिन्न छूट देने का निर्णय लिया है तथा इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना अनुसार शहरी सेवा शिविर में पिछले वर्षों की बकाया लीज राशि वर्ष 2025-26 तक एकमुश्त जमा कराने पर ब्याज में 100 प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है। फ्री होल्ड पट्टे हेतु 10 वर्ष तथा लीज मुक्ति हेतु 8 वर्ष की लीज राशि एवं पिछले वर्ष की बकाया लीज राशि वर्ष 2025-26 तक अग्रिम एक मुश्त जमा कराने पर बकाया लीज राशि में 60 प्रतिशत छूट मिलेगी। इसी प्रकार आवासीय भूखण्ड के पुनर्ग्रहण शुल्क में 250 वर्ग मीटर तक 75 प्रतिशत, 250 वर्ग मीटर से अधिक व 500 वर्ग मीटर तक 50 प्रतिशत और 500 वर्ग मीटर से अधिक व 1000 वर्ग मीटर तक 25 प्रतिशत छूट प्राप्त होगी। कृषि भूमि पर बसी हुई कॉलोनियां, जिनमें संबंधित धाराओं में कार्यवाही होकर ले-आउट प्लान स्वीकृत हो चुके हैं, इन कॉलोनियों के भूखण्डों के शेष पट्टे जारी करने पर शहरी सेवा शिविर को प्रथम कैम्प मानते हुए ब्याज में शत् प्रतिशत छूट दी जाएगी।

अपंजीकृत दस्तावेजों से क्रय किए गए भूखण्डों में अंतिम क्रेता को भूखण्ड पट्टा देने पर शास्ती में शत् प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है। साथ ही, आवासीय प्रीमियम दरों में 100 वर्ग मीटर तक 25 प्रतिशत तथा 100 वर्ग मीटर से 200 वर्ग मीटर तक 15 प्रतिशत छूट दी जाएगी। शहरी सेवा शिविरों में आमजन को राहत देने तथा कार्य की गति बढ़ाने के लिए भी विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। भवन निर्माण स्वीकृति, भू-उपयोग परिवर्तन, ले-आउट प्लान आदि में तकनीकी परीक्षण हेतु क्षेत्रफल के आधार पर सक्षम अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। आवासीय उपविभाजन/पुनर्गठन में भी क्षेत्रफल की 3 श्रेणियों में विभिन्न छूट का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क में गैर/व्यवसायिक भू-उपयोग से व्यवसायी भू-उपयोग परिवर्तन में तथा निर्धारित भू-उपयोग से विभिन्न भू-उपयोग परिवर्तन में क्षेत्रफल के आधार पर तय की गई विभिन्न श्रेणियों में छूट दी जाएगी। नगर पालिका अधिनियम के तहत धारा 69-ए के फ्री-होल्ड पट्टा शुल्क में 200 वर्ग मीटर तक 50 प्रतिशत तथा 200 वर्ग मीटर से अधिक व 500 वर्ग मीटर तक 40 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार भवन मानचित्र शुल्क में भी छूट का प्रावधान किया गया है, जिसके तहत 500 वर्ग मीटर तक जी+1 की भवन निर्माण स्वीकृति में अनुमोदन शुल्क में 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। खांचा भूमि के आवंटन में छूट एवं सक्षमता भी दी जाएगी। निकाय के रिकॉर्ड में नामांतरण, मौका निरीक्षण की छूट एवं आवेदनों के सरलीकरण के संबंध में भी विशेष प्रावधान किए गए हैं।

# ग्रामीण सेवा शिविर में आने वाले हर व्यक्ति को तुरंत राहत प्रदान करें

## शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने की तैयारियों की समीक्षा, 17 सितंबर से शुरू होंगे ग्रामीण सेवा शिविर

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर**। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 17 सितंबर से शुरू हो रहे ग्रामीण सेवा शिविरों में आने वाले ग्रामीणों को तत्काल राहत दी जाए। संबंधित विभागों के अधिकारियों का यह प्रयास होना चाहिए कि जो भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ एवं राजस्व सम्बन्धी अपने काम लेकर शिविर में आए वह निराश नहीं हो। दिलावर रविवार को कोटा जिला कलेक्ट्रेट सभागार में कोटा जिले में आयोजित किए जाने वाले शिविरों की तैयारी की समीक्षा कर रहे थे। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने कहा कि शिविरों में किसी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। सरकार की मंशा के अनुरूप ग्रामीण जनता को पात्रता के अनुसार योजनाओं के लाभ शिविर के दौरान प्रदान करें। उन्होंने कहा कि शिविर का समय प्रातः 9.30 बजे से 6 बजे तक रहेगा। शिविर समाप्ति यानी 6 बजे तक कुछ कार्य अपूर्ण या लंबित रहे तो विभागवार इसकी सूची संधारित की जाए तथा समयबद्ध तरीके से इन सभी लंबित मामलों का निस्तारण किया जाए।

साथ ही शिविर प्रभारी यह भी सुनिश्चित करें की शिविर शुरू होने से शिविर की समाप्ति तक अभियान से संबंधित समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी पूरे समय शिविर में उपस्थित रहें, ताकि जनता को शिविरों का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। दिलावर ने बताया कि अभियान की अवधि तब तक होगी जब तक कि सभी पंचायत समितियों की प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन ना हो जाये। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने कहा कि अभियान के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं हेतु आवेदन एवं स्वीकृतियां, स्वास्थ्य शिविर, स्वामित्व योजना के तहत पट्टों हेतु आवेदन, स्वीकृतियां एवं वितरण, दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव के तहत 10 हजार और गावों में बीपीएल परिवारों का सर्वे, बिजली तारों एवं खंभों इत्यादि में सुधार, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के प्रथम सप्ताह में आयोजित होने वाले शिविर बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार (17, 18, 19 एवं 20 सितम्बर 2025) को प्रत्येक दिवस दो ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे। शेष अभियान के शिविर सप्ताह के प्रत्येक गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार को प्रत्येक दिवस दो ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राजपाल सिंह सहित जिले के सभी उपखंड अधिकारी खंड विकास अधिकारी, शिविर से संबंधित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# टेरा कोटा क्राफ्ट की मास्टर ट्रेनिंग के लिए दल रवाना

## उतरप्रदेश के खुर्जा में चयनित ट्रेनर्स लेंगे विशेष प्रशिक्षण -श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रहलाद राय टाक ने किया रवाना

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर**। कौशल विकास को साकार रूप देते हुए श्रीयादे माटी कला बोर्ड, राजस्थान सरकार अपने ट्रेनर्स को और अधिक पारंगत कर रहा है। इसी दिशा में चयनित माटी कलाकारों को प्रशिक्षण देने वाले ट्रेनर्स के हुनर को तराशने के लिए बोर्ड ने उत्तरप्रदेश के खुर्जा स्थित सेंट्रल ग्लास एंड सेरामिक्स रिसर्च इंस्टीटयूट (सीजीसीआरआई) भेजा है। 25 सदस्यीय दल के वाहन को बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रहलाद राय टाक ने उद्योग भवन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल खुर्जा में 15 से 21 सितंबर तक खासकर टेरा कोटा पॉटरी का प्रशिक्षण लेगा। इस दल में प्रदेश के छह जिलों जयपुर, टोंक, अजमेर, जैसलमेर, करौली व श्रीगंगानगर के प्रशिक्षक खुर्जा गए हैं। श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रहलाद राय टाक ने बताया कि इन ट्रेनर्स को सात दिवसीय कैंप में टेराकोटा प्रसंस्करण एवं लक्षण वर्णन की मास्टर ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह संस्थान वैज्ञानिक एवं अनुसंधान परिषद से मान्यता प्राप्त है। इस दौरान उन्हें कलाकृतियों के निर्माण के लिए मिट्टी तैयार करने, गूंथने, कलाकृति बनाने, पकाने, रंग-रोगन करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद जल्द ही एक और ग्रुप को ट्रेनिंग के लिए खुर्जा भेजा जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत ये ट्रेनर्स प्रदेशभर में चयनित 2000 मिट्टी कलाकारों को कैंपों में जाकर प्रशिक्षित करेंगे। इसके लिए सभी जिलों में कुल 100 कैंप लगाए जाएंगे। श्री प्रहलाद राय टाक ने बताया कि मिट्टी कलाकारों को स्वरोजगार मुहैया करवाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राजस्थान सरकार की ओर से बजट घोषणा 2025-26 के तहत 2000 मिट्टी गूंथने की मशीनें व इलेक्ट्रिक चाक वितरित किए जाएंगे। इसी की क्रियान्विति में अब तक बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, चितौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, सलूंबर व ब्यावर जिले के चयनित मिटटी कलाकारों को प्रशिक्षण उपरांत कुल 367 मशीनें वितरित की जा चुकी हैं। जोधपुर जिले की आठ विधानसभा क्षेत्रों के चयनित 93 मिट्टी कलाकारों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सितंबर माह के अंत तक करीब 1000 मिट्टी कलाकारों को प्रशिक्षण उपरांत मशीनें वितरित करना प्रस्तावित है। बोर्ड का लक्ष्य है कि माटी कलाकारों की आय दोगुनी हो, और माटी कला को बढावा देने के लिए दस हजार आर्टिजन को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

# जयपुर में भगवा-रैली, गाय को राज्य-माता बनाने की मांग: दिल्ली रोड पर ट्रैफिक को डायवर्ट किया, जाम में फंसी एम्बुलेंस को रास्ता दिया

बढ़ता राजस्थान







**जयपुर**। जयपुर में आज गाय को राज्य माता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर भगवा वाहन रैली निकाली गई। जलमहल से साधु-संतों ने भगवा ध्वज दिखाकर रैली को रवाना किया, जिसके बाद भगवा झंडों से सजे वाहनों का काफिला शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरा। यह रैली आदर्श नगर स्थित दशहरा मैदान पर समाप्त हुई। इसका आयोजन युवा शक्ति मंच राजस्थान ने किया है। रैली में सबसे आगे राम रथ है, जिसके पीछे गौ माता की मनमोहक झांकी सजाई गई थी। रैली के कारण दिल्ली रोड पर यातायात को पूरी तरह से डायवर्ट कर दिया गया था। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे रास्ते पर कड़े इंतजाम किए गए हैं। रैली के मार्ग में आने वाली गलियों को बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया गया है, और जगह-जगह दंगा नियंत्रण वाहन तैनात किए गए हैं। पुलिस के उच्च अधिकारी लगातार पूरी रैली की निगरानी कर रहे हैं।

1. **भगवा रैली में कार्यकर्ताओं ने एम्बुलेंस को दिया रास्ता:** दिल्ली रोड की ओर से आ रही ट्रैफिक के बीच फंसी एक एम्बुलेंस को भगवा रैली के कार्यकर्ताओं ने तुरंत रास्ता दिया। रैली निकाल रहे कार्यकर्ताओं ने तत्परता दिखाते हुए रैली को रोककर ट्रैफिक क्लियर किया और एम्बुलेंस को सुरक्षित निकलवाया, जिससे मानवता की एक मिसाल कायम हुई।
2. **1 हजार वॉलंटियर्स तैनात किए गए:** युवा शक्ति मंच राजस्थान के महामंत्री गौरीशंकर खोरवाल और जिला अध्यक्ष लक्ष्य मेहरा ने बताया - रैली में 10 हजार दोपहिया और 500 चारपहिया वाहन शामिल हुए है। रैली में 6 डीजे साउंड लगाए गए हैं। रैली को व्यवस्थित रखने के लिए 1 हजार वॉलंटियर्स तैनात किए गए थे।
3. **पिछले साल लव जिहाद के खिलाफ कानून की मांग की थी:** आयोजनकर्ता ने बताया कि वे हर साल एक नई मांग के साथ रैली निकालते हैं। पिछले साल उन्होंने लव जिहाद के खिलाफ कानून की मांग की थी, जिसके बाद राज्य सरकार धर्मांतरण के खिलाफ कानून लेकर आई है। इस बार वे राज्य सरकार से गौ वंश को कटने से रोकने की मांग करते हैं, क्योंकि हिन्दू समाज के लिए गो माता पूजनीय होती है।

**टी राजा का बेटे बोले- देश में हुक्का और जुंबा जिहाद देखने को मिल रहा:** तेलंगाना से आए विधायक टी राजा सिंह के बेटे टी चंद्रशेखर सिंह ने कहा - हमारे युवाओं को यह सीख लेने की आवश्यकता है की राजनीति हमारा भविष्य नहीं है। हम भारत की वह आखिरी पीढ़ी हैं, जिसको देश और धर्म के लिए लड़ने का मौका मिला है। पाकिस्तान अफगानिस्तान बांग्लादेश में हिंदू जीने के लिए तड़प रहा है। अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। मैं इस देश का एक युवा होने के नाते यह शपथ लेता हूं कि मेरे भारत देश को हिंदू राष्ट्र बनाने तक चैन से नहीं बैठूंगा। उन्होंने कहा- मेरे पिताजी टी राजा के साथ मिलकर देश के कोने-कोने में जाकर हिंदुओं को जगाने का काम करूंगा। हमारा युवा आज के समय में ऑनलाइन गेमिंग में व्यस्त हैं। दारु पीने में व्यस्त है। दूसरी ओर हमारा दुश्मन 2047 तक भारत को गजवा ए हिंद बनाने की सोच रहा है। देश में हुक्का जिहाद, जुंबा जिहाद देखने को मिल रहा है। हर जगह पर हमारे हिंदू बहन बेटियों को लव जिहाद के जाल में फंसाने के लिए यार बैठे हैं। जब तक लव जिहादियों पर कोई कानून नहीं बन जाता। तब तक हमारी बहन बेटियों को जिम हो या जुंबा घर पर ही करवाइए।

# "हरियालो राजस्थान" व "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर**। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी के मुख्य आतिथ्य में रविवार को जालोर जिले के सांचौर शहर स्थित शिवशक्ति नगर में ''हरियालो राजस्थान'' व ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ साथ ही गौ कृषि जीवन अभियान का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए युवा पीढ़ी वर्ष 2047 तक विकसित एवं श्रेष्ठ भारत के निर्माण हेतु प्रकृति एवं गौ सेवा से जुड़े। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हमारा देश विकास के पथ पर निरंतर प्रगतिरत है तथा वर्तमान में देश की अर्थव्यवस्था जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथे पायदान पर काबिज हो गई हैं। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि भारत आगामी वर्षों में सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति के उच्च मूल्यों के समावेशन से पुनः विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए कृषि पद्धतियों में हो रहे आधुनिक बदलावों तथा ऑर्गेनिक खेती को अपनाने की बात कही। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्री राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि वर्तमान में कृषि में रसायन का अधिक उपयोग होने के कारण भूमि बंजर हो रही है तथा रसायनों से मानवों व पशुओं में बीमारियाँ फैल रही है।

# अलवर में प्रताप ऑडिटोरियम में इंजीनियर दिवस के उपलक्ष्य में समारोह आयोजित

## इंजीनियरिंग क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले इंजीनियर्स को सम्मानित किया, इंजीनियर्स का देश की अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर**। वन एवं पर्यावरण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) श्री संजय शर्मा ने रविवार को इंजीनियर दिवस की पूर्व संध्या पर अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग (इंडिया) एवं द अलवर इंजीनियर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 58वें इंजीनियर दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर इंजीनियरिंग क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले इंजीनियर्स को सम्मानित किया तथा विहान मैगजीन का विमोचन किया। वन राज्य मंत्री श्री शर्मा ने इंजीनियर दिवस व हिन्दी दिवस की शुभकामनायें देते हुए उन्होंने देश के महान इंजीनियर भारत रत्न एम. विश्वेश्वरैया को नमन करते हुए कहा कि उनकी जयंती को इंजीनियर दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इंजीनियरों ने अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में योगदान देकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हाल के समय में तकनीकी क्रांति को आकार देने में उनकी भूमिका ने वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह सुखद संयोग ही है कि आज हिन्दी दिवस है और इंजीनियर दिवस की पूर्व संध्या पर यह आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश की संपर्क भाषा हिन्दी को सम्मान देने और ग्रामीण क्षेत्र के हिन्दी भाषी युवाओं को कठिनाइयों को समझते हुए इंजीनियरिंग व मेडिकल की पढ़ाई को हिन्दी भाषा व देश की अन्य भाषाओं में शुरू वंचित प्रतिभावान युवाओं को अपनी प्रतिभा देश की उन्नति में योगदान देने का अवसर दिया है। उन्होंने मेकिंग इंडिया जैसे कार्यक्रम चलाकर इंजीनियरिंग सेक्टर के लिए बहुत बड़ी संभावना व अवसर पैदा की है। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान समिट पहले वर्ष में कर राजस्थान में बहुत बड़े अवसर औद्योगिक उन्नति व इंजीनियरिंग के लिए पैदा किये है। उन्होंने द अलवर इंजीनियर्स एसोसिएशन के भवन में कौशल विकास कार्य हेतु इंडस्ट्रीज एक्सीलेंस भवन के लिए विधायक निधि कोष से 10 रूपये देने की घोषणा की। उन्होंने अशोक लीलेण्ड से भी सीएसआर फण्ड से 10 लाख रूपये उपलब्ध कराने में सहयोग करने का विश्वास भी दिया। बानसूर विधायक श्री देवी सिंह शेखावत ने इंजीनियर दिवस व हिन्दी दिवस की शुभकामनायें देकर कहा कि अलवर में इंजीनियरिंग एसोसिएशन बहुत प्रोफेशनल तरीके से कार्य कर जिले व प्रदेश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।उन्होंने कहा कि अलवर यूआईटी चेयरमैन के कार्यकाल के दौरान द अलवर इंजीनियर्स एसोसिएशन के कार्यालय के लिए भूमि का आवंटन करने का सौभाग्य मिला था। उन्होंने प्राचीन भारत की इंजीनियर भी आज भी मिशाल है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड खण्डवा, निवाई टोंक (राज.) से मुदित एवं 185/ 116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888, जयपुर फोन नं. 0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास ई, टोंक मो.नं. 9414823448 अलवर कार्यालय मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर मो.नं. 7733000123, कोटा कार्यालय छावनी मेन रोड, कोटा मो.नं. 7023350734। ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com "पीआरवी एक्ट के तहत समाचार चवन के लिए जिम्मेदार